विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएनपी/003/2021-2023

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 81 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 21 दिसम्बर 2023 डाक 22 दिसम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

बस्ती में संसद खेल महाकुंभ 3.0 के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

देश-विदेश

पूर्व कानून मंत्री अश्विनी कुमार बोले- राज्यसभा सभापति का मजाक उड़ाना सही नहीं, सांसदों का निलंबन भी अनुचित

स्वुला-पन्ना

सर्दियों में इस तेल से करें शिशु की मालिश, शरीर रहेगा गर्म

सांसदों के निलंबन पर विपक्ष ने निकाला मार्च

नईदिल्ली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

सदन में हंगामा करने वाले सांसदों के निलंबन और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने का मामला लगातार चर्चा में है। इसके कारण संसद की कार्यवाही बाधित हुई है। आज भी इन दोनों मुद्दों पर संसद में और संसद के बाहर हंगामा हो रहा है। संसद के दोनों सदनों से अब तक विपक्ष के 143 सांसदों को सस्पेंड किया जा चुका है। इसके खिलाफ विपक्ष आज भी प्रदर्शन कर रहा है। सबसे पहले विपक्ष के नेता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के ऑफिस में जमा हुए। बैठक हुई। विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा बनेगी। इसके बाद संसद के विजय चौक तक मार्च निकाला गया। इस पैदल मार्च में सभी बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। वहीं मिमिक्री कांड में भाजपा ने आज देशभर में व्यापक प्रदर्शन करने का फैसला किया है। मिमिक्री कांड में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के साथ ही राहुल गांधी भी आरोपी हैं, जो शर्मनाक घटना का वीडियो बना रहे थे।

स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, बर्थडे पार्टी से लौट रहे तीन दोस्तों की मौत

नवादा। बिहार के नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में गुरुवार को तड़के एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे एक पेड़ में टक्कर मार दी। इस घटना में बर्थडे पार्टी से लौट रहे तीन दोस्तों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक घटना सिरदला-रजौली पथ के धर्मपुर मोड़ की है। बताया जाता है कि बुधवार को कुछ दोस्त देर रात अपने एक अन्य दोस्त की बर्थडे पार्टी में रजौली गए थे।

सभी स्कॉर्पियो से बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे। इसी दौरान धर्मपुर मोड़ के पास चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया और वाहन सड़क के किनारे एक पेड़ से जा टकराई।

विपक्षी सांसदों के निलंबन पर मायावती का बड़ा बयान, बोली- सभापति का मजाक उड़ाना ठीक नहीं, सांसदों का निलंबन..

नईदिल्ली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। अब गुरुवार बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रेस कांफ्रेंस कर संसद से निलंबित सांसदों पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। मायावती ने कहा- संसद के वर्तमान सत्र के दौरान दोनों सदनों के रिकॉर्ड संख्या में लगभग 150 विपक्षी सांसदों का निलंबन होना सरकार और विपक्ष के लिए दोनों के लिए अच्छा नहीं। मायावती ने इस घटना को संसदीय इतिहास के लिए दुखद, दुर्भाग्यपूर्ण व लोगों को आघात पहुंचाने वाला बताया। मायावती ने आगे कहा- इसी दौरान सभापति का संसद में मजाक उड़ाने का वीडियो वायरल होना अनुचित व अशोभनिय है। इस प्रकार से सरकार व विपक्ष के बीच जबरदस्त मतभेद व तनाव

वाली घटनाओं से देश के लोकतंत्र संसदीय परंपराओं को बचाना बहुत ही जरूरी है। साथ ही विपक्ष विहिन संसद में देश व आमजन से जुड़े देशहित के विधेयकों का पारित होना अच्छी परंपरा नहीं है।

स्कूल में फूड पॉइजनिंग के कारण 100 से ज्यादा छात्राओं की तबीयत बिगड़ी, मचा हड़कंप

गडचरोली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के सोडे गांव में आश्रम स्कूल की 107 छात्राओं को फूड पॉइजनिंग हो गई. इसके बाद छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। इस मामले की सूचना मिलने के बाद अफसर मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। अफसरों का कहना है कि छात्राओं की तबीयत किस वजह से बिगड़ी, इसकी जांच की जा रही है. धानोरा तहसील के सोडे गांव के सरकारी आश्रम स्कूल में 358 छात्राएं पढ़ती हैं। दोपहर के भोजन के बाद छात्राओं की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने छात्राओं को स्थानीय धानोरा ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 107 छात्राएं ग्रामीण अस्पताल धानोरा में भर्ती कराया गया. यहां से 35 गंभीर छात्राओं को गढ़चिरौली जिला अस्पताल भेजा गया।

केजरीवाल ने ईडी के समन का जवाब भेजा, बोले- यह राजनीति से प्रेरित, मेरे पास छिपाने को कुछ नहीं

नईदिल्ली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए आज गुरुवार (21 दिसंबर) को ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे। उन्होंने ईडी के समन का जवाब भेजकर कहा कि मैं हर कानूनी समन मानने को तैयार हूं, लेकिन यह पिछले समन की तरह गैर कानूनी है। ईडी का समन राजनीति से प्रेरित है। पिछले की तरह ये समन भी गैर कानूनी है। इसलिए समन वापिस लिया जाये। मैंने अपना जीवन ईमानदारी और पारदर्शिता से जिया है। मेरे पास

छिपाने के लिए कुछ नहीं है। वह बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान पाठ्यक्रम के लिए अज्ञात स्थान पर चले गए। अधिकारियों ने बताया कि केजरीवाल को विपश्यना पाठ्यक्रम के लिए रवाना होना था, लेकिन आईएनडीआईए की बैठक के कारण वह ऐसा नहीं कर सके। वह पूर्व निर्धारित ध्यान पाठ्यक्रम के लिए बुधवार दोपहर करीब 1.30 बजे निकल गए। इधर, पार्टी के वकील ईडी के नोटिस का अध्ययन कर रहे हैं और वे उपयुक्त जवाब देंगे।

दिल्ली के अधिकारी भले ही अज्ञात स्थान पर जाने की बात कर रहे हों, लेकिन यह पुष्ट है कि केजरीवाल बुधवार को पंजाब के होशियारपुर से 12 किमी दूर गांव आनंदगढ़ स्थित विपश्यना मेडिटेशन सेंटर में साधना के लिए पहुंच गए। केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ दिल्ली से चार्टर्ड विमान से शाम लगभग चार बजे जालंधर स्थित आदमपुर एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से दोनों नेता हेलीकाप्टर से विपश्यना मेडिटेशन सेंटर के निकट स्थित चौहाल के लिए रवाना हुए। मान चौहाल में ही रुक गए जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे, जबकि केजरीवाल विपश्यना सेंटर में पहुंच गए। वहां वह दस दिन तक रहेंगे।

कांग्रेस नेता के पुत्र की मौत टाटा मैजिक ने मारी थी ठोकर

गरियाबंद। जिले में सड़क हादसा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात करीब 1 बजे आकाश टेंट संचालक आकाश यादव सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। आकाश कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वीरू यादव का बेटा था। मौत की खबर फैलते ही नगर में मातम पसरा हुआ है। 20 दिसंबर को साढ़े 11 बजे आकाश अपनी बाइक से गरियाबंद से सढ़ोली की ओर जा रहा था। रॉन्ग साइड से आ रही टाटा मैजिक वाहन सीजी 04 एन एम 8630 के चालक ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। घायल अवस्था में आकाश को गरियाबंद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिन भर चले इलाज के दौरान उसकी हालत ठीक थी। गरियाबंद कोतवाली पुलिस के मुताबिक आकाश के सिर में अंदरूनी चोट थी। अचानक सीने में दर्द के बाद रात करीबन 1 बजे उसकी मौत हो गई।

विधायक लखेश्वर बघेल ने उठाया किसान आत्महत्या का मुद्दा

रायपुर, 21 दिसम्बर ।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज नारायणपुर में किसान आत्महत्या पर कांग्रेस ने स्थगन दिया। आसंदी के स्थगन सूचना को अग्राह्य करने पर विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया.कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने किसान आत्महत्या का मुद्दा उठाया। अजय चंद्राकर ने कहा कि स्थगन की सूचना नहीं दी गई है, व्यवस्था आनी चाहिए। भूपेश बघेल ने कहा कि विशेष परिस्थिति है। किसान ने कर्ज के बोझ से आत्महत्या की है, महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसपर चर्चा होनी चाहिए। इस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि नियम प्रक्रियाओं से परे सदन नहीं चल सकता। स्थगन का उल्लेख नहीं किया गया है, इसलिए चर्चा उचित नहीं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि गरीब की दुःख सुनने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अध्यक्ष दयालु हैं, दरियादिल हैं, उसमें किसान या आदिवासी समा सकता है, चर्चा होनी चाहिए।

इस पर अजय चंद्राकर ने कहा कि अभिभाषण पर चर्चा के दिन नियम के विपरीत चर्चा की मांग हो रही। भूपेश बघेल ने कहा कि सत्र आहूत होने के बीच आत्महत्या हुई है, बाद में चर्चा संभव नही है, इसे ग्राह्य करके चर्चा कराया जाए।

पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ दायर मुकदमा समाप्त, इस मामले में दर्ज हुआ था केस

पटना, 21 दिसम्बर ।

पटना हाईकोर्ट ने पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू को राहत देते हुए उनके खिलाफ़ दायर उस प्राथमिकी को रद्द कर दिया, जिसमें उन पर 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। न्यायाधीश संदीप कुमार की एकलपीठ ने नवजोत सिंह सिद्धू की अपील याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए पाया कि सिद्धू ने एआईएमआईएम नेता ओवैसी द्वारा मुस्लिम मतों के बंटवारे को ओर सावधान किया था। कोर्ट ने यह माना कि सिद्धू ने ऐसा कुछ नहीं किया या कहा, जिससे सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ा या हिंसा को बढ़ावा मिला। उन्होंने मुस्लिम मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में एकमुश्त मत देने की अपील की, ताकि वोट के बंटवारे का लाभ भाजपा को न मिले। कोर्ट ने माना कि सिद्धू की मंशा सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की नहीं थी। इसलिए कोर्ट ने दर्ज प्राथमिकी को रद करने का आदेश दिया।

जीप-ट्रक की टक्कर, 4 लोगों की मौत

कलबुर्गी। *कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में एक ट्रक और जीप के बीच आमने-सामने की टक्कर में पांच वर्षीय लड़के सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बुधवार देर रात अफजलपुर कस्बे के बाहरी इलाके में तालुक कार्यालय के पास हुआ। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय संतोष, 55 वर्षीय शंकर, 50 वर्षीय सिद्दप्पा और पांच वर्षीय हुचप्पा के रूप में की गई। सभी अफजलपुर कस्बे के पास मडयाला गांव के रहने वाले थे। 30 वर्षीय पूजा डोड्डामणि को दुर्घटना में गंभीर चोटें आईं और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।*

24 घंटे में कोरोना के 358 नए केस, केरल में सबसे ज्यादा 300 मरीज, 3 की मौत

नईदिल्ली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

देश में कोरोना का खतरा बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 358 नए केस सामने आए हैं। साथ ही 3 मरीजों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा खतरा केरल में है, जहां 300 नए मरीज मिले हैं। इससे पहले बुधवार को जेएन.1 वेरिएंट के 21 मामले सामने आए। इनमें सबसे अधिक 19 मामले गोवा में सामने आए हैं। एक मामला केरल और एक महाराष्ट्र में सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सुबह तक पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 614 नए मामले सामने आए हैं। 21 मई के बाद एक दिन में संक्रमण का यह सबसे ज्यादा आंकड़ा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 2,311 हो गई है। केरल में कोरोना के 292 नए मामले सामने आए और तीन मरीजों की मौत हो गई। केरल में सक्रिय मामलों की संख्या 2,041 हो गई है। कर्नाटक में 64 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई। कोरोना के जेएन.1 वेरिएंट से फिलहाल डरने की जरूरत नहीं है। कोरोना के नए वेरिएंट की पहचान सबसे जरूरी है और इसके लिए राज्यों को टेस्टिंग बढ़ानी पड़ेगी और सभी कोरोना पाजिटिव सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजना सुनिश्चित करना होगा। भारत के जिन राज्यों में कोरोना को लेकर अलर्ट घोषित किया गया है और विशेष सावधानी बरती जा रही है, उनमें शामिल हैं - केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा और महाराष्ट्र।

कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद स्वास्थ्य विभाग का छत्तीसगढ़ के कलेक्टरों को पत्र आरटीपीसीआर से सैंपल जांचने के निर्देश

रायपुर । स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर जांच बढ़ाने की बात कही है। नववर्ष और त्योहार को देखते हुए कोविड संक्रमण को रोकने के लिए



जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता की जांच के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक जिले में कम से कम 100 सैंपल आरटीपीसीआर से कराने के भी निर्देश दिए गए है। कोविड पाजिटिव पाए जाने पर नए वेरिएंट की पहचान के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग जांच एम्स में की जाएगी। देश में बीते कुछ दिनों से कोरोना ने एक बार फिर अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश में भी स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य अधिकारियों को इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत बनाने, योजना तैयार करने निगरानी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं की तैयारी को लेकर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति मामले में ईओडब्ल्यू ने आदित्य ठाकरे के दोस्त से पूछताछ की

मुंबई 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कोविड-19 महामारी के दौरान बीएमसी को रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति में एक कथित घोटाले के सिलसिले में बुधवार को शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे के मित्र पुण्यशाली पारिख से पूछताछ की।

एक अधिकारी ने कहा कि पारिख दोपहर में ईओडब्ल्यू अधिकारियों के सामने पेश हुए, और उनके बयान दर्ज किए जाने के पांच घंटे बाद शाम लगभग 6.30 बजे उन्हें जाने की अनुमति दी गई। एजेंसी ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) द्वारा कथित रूप से अधिक दरों पर रेमडेसिविर इंजेक्शन की खरीद के संबंध में मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी के अनुसार, रेमडेसिविर शीशी 650 रुपये में उपलब्ध थी और इसे 1568 रुपये में खरीदा गया था। उन्होंने बताया कि बीएमसी ने इस दर पर कुछ 65,000 शीशियों की खरीद की और इस तरह 5.96 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया।

डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा
U.S. POLO ASSN. | MUFTI | KILLER | Levi's | BLACKBERRYS | nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

खंडवा-इंदौर रोड पर बस और ट्रक की टक्कर, एक की मौत, 8 लोग घायल

खंडवा, 21 दिसम्बर ।

खंडवा-इंदौर रोड पर गुरुवार अल सुबह एक बस और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक की मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल हो गए। घटना देशगांव के पास गुरुवार तड़के पांच बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार ट्रक और बस की भिड़ंत में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक की मौत हो गई। हादसा इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर देशगांव के पास तोरणी फाटा पर हुआ। बस महाराष्ट्र से इंदौर जा रही थी। जबकि ट्रक इंदौर की ओर से आ रहा था। तभी यह हादसा हुआ। घायलों को खंडवा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस जांच मे जुट गई है।

कर्नाटक के रिटायर्ड डिप्टी एसपी का बेटा हिरासत में लिया गया, मनोरंजन का था रूममेट

बागलकोट। दिल्ली पुलिस ने संसद में सुरक्षा उल्लंघन के मामले में कर्नाटक के एक युवक साईकृष्ण जगली को हिरासत में लिया है। युवक एक तकनीकी विशेषज्ञ और रिटायर्ड डिप्टी एसपी का बेटा है। युवक को बागलकोट के जिला मुख्यालय शहर के विद्यागिरी स्थित उसके घर से हिरासत में लिया गया है। जगली, बेंगलुरु की एक एमएनसी कंपनी में काम करता है जो मैसूरु निवासी मनोरंजन डी का दोस्त है। मनोरंजन पिछले हफ्ते लोकसभा कक्ष में घुसकर हमला करने वालों में से एक था।

बुधराम का बन रहा पक्का मकान बारिश में अब नहीं होना पड़ेगा परेशान

कोरबा । मजदूरी का काम करने वाले बुधराम अघरिया का सपना था कि उसका भी कोई पक्का मकान हो, ताकि बारिश के दिनों में उनके परिवार को परेशान न होना पड़े। मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन करने वाले बुधराम को जब जानकारी मिली कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उनका नाम भी आवास के लिए चयनित किया गया है तो उन्हें बहुत खुशी हुई। अपना नाम आवास के लिए चयनित होने के पश्चात् उन्होंने जनपद के अधिकारियों से संपर्क किया। अब खाते में राशि मिलने के पश्चात् बुधराम अपने पक्का मकान का सपना पूरा कर रहा है। बुधराम अपने बेटे के साथ अपनी ही देखरेख में पक्का मकान का निर्माण करा रहा है। जल्दी ही घर बन जाने से उनकी परेशानी दूर हो जाएगी।

पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मोरगा के जूनापारा में रहने वाले बुधराम अघरिया ने बताया कि गरीबी की वजह से पक्का मकान का सपना उसके लिए महज एक सपना ही था। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि वह एक दिन पक्का मकान बना लेगा। बुधराम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राही के रूप में उनका नाम आने के पश्चात् उन्हें आवास निर्माण के लिए राशि बैंक खाते में प्राप्त हुई। राशि मिलने के पश्चात् वह अपना मकान बना रहा है। कुछ दिनों के भीतर घर पूरी तरह से बन जाएगा और वे अपने परिवार के साथ पक्के मकान में शिफ्ट हो जाएंगे। बुधराम ने बताया कि वे वर्तमान में कच्चे मकान में निवास करते हैं। मकान कच्चा होने की वजह से बारिश में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खपरे से भी पानी नीचे टपकने से बिस्तर भीग जाते थे। अब पक्का मकान बनने से उनकी यह समस्या दूर हो जाएगी। बुधराम ने प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 14 दिसंबर को प्रथम कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में 18 लाख आवास बनाने का निर्णय भी लिया गया है।

अवैध उत्खनन व परिवहन पर की गई कार्यवाही

कोरबा। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा खनिज विभाग को जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के कड़े निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन में संलग्न चार ट्रैक्टरों पर कार्यवाही की गई है। खनिज अधिकारी श्री प्रमोद नायक ने बताया कि रात्रि में कार्यवाही के पश्चात् जब्त ट्रैक्टर सीजी 12 यू 0359 सलिहाभाठा, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) प्रगति नगर एनटीपीसी, ट्रैक्टर जॉनडियर (बिना नंबर) कुदरमाल, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) कुदुरमाल को थाने में रखा गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खनिज अधिकारी श्री प्रमोद नायक के मोबाइल नंबर 7587350731 में संपर्क किया जा सकता है।

विशेष पिछड़ी जनजातियों को मिला जनमन अभियान की जानकारी

कोरबा । कलेक्टर श्री सौरभ कुमार द्वारा जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान एवं समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए जनमन अभियान के संबंध में निर्देश दिए जाने के पश्चात् आज जनपद सीईओ पोड़ी-उपरोड़ा द्वारा पहुंचविहीन ग्राम समेलीभाठा में बिरहोर जनजातियों को जनमन अभियान अंतर्गत होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इसके लिए पंजीयन के विषय में भी बताया। इस अभियान के तहत निर्धारित 11 बिंदुओं के प्रारूप के आधार पर जमीनी स्तर पर सर्वे कर विशेष पिछड़ी जनजातियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

जिले के किसानों को होगा लंबित बोनस का भुगतान

कोरबा । मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किसान हितैषी लिए गए निर्णय के पश्चात् कोरबा जिले के किसानों को 25 दिसंबर को वर्ष 2014-15 के 13879 एवं 2015-16 के 12077 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के लंबित बोनस राशि का भुगतान किया जाएगा। खाद्य अधिकारी श्री जे. के. सिंह ने बताया कि जिले में खरीफ वर्ष 2014-15 में धान बेचने वाले कुल 13879 किसानों से 91714.50 मे.टन धान की खरीदी की गई थी जिसका बोनस राशि 2751.435 लाख रूपये है। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2015-16 में धान बेचने वाले कुल 12077 किसानों से 82052.43 मे.टन धान की खरीदी की गई थी। जिसका बोनस राशि 2461.5729 लाख रूपये भुगतान किसानों के खाते में सीधे समायोजन किया जाएगा। जिले में किसानों को ब्लॉक स्तर एवं समिति स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का वितरण किया जाएगा।

प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 22 दिसंबर को

कोरबा । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा द्वारा 22 दिसंबर 2023 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में बॉम्बे इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड शंकर नगर रायपुर में सिक्योरिटी गार्ड के 150 पद, वेदांता स्कील स्कूल बालको कोरबा में फूड एंड बेवरेज के 60 पद, सिविंग मशीन ऑपरेटर के 60 पद, वेल्डर के 30 पद फीटर के 30 पद तथा सोलर पी.वी. इंस्टालर के 30 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों हेतु 18 से 30 वर्ष की आयु सीमा के साथ 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई डिप्लोमा की शैक्षणिक योग्यता वांछनीय है। इच्छुक आवेदक 22 दिसंबर को प्रात: 11 बजे कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

अवस्कुलर नेक्रिसिस का इलाज अब सम्पूर्ण जोड़ प्रत्यारोपण से संभव

कोरबा। एक ऐसी बीमारी जिसमें हड्डियों में खून के संचरण में कमी के कारण हड्डी की रक्त कोशिकाएं मरने लगती हैं,इस वजह से हड्डियां धीरे-धीरे नष्ट होने लगती हैं और कुछ दिन पश्चात(सही समय में इलाज न मिलने से) सम्पूर्ण रूप से नष्ट हो जाती हैं। इस बीमारी को अवस्कुलर नेक्रोसिस कहा जाता है।

जांजगीर-चाम्पा जिले का निवासी रवि कुमार पटेल 23 वर्ष कुछ ऐसी ही बीमारी से विगत 5 महीनोंसे जूझ रहे थे। 5 महीनों से ठीक से चल नहीं पा रहे थे साथ ही लगभग 3 महीने से दाहिने पैर में बहुत अधिक झुनझुनाहट महसूस कर रहे थे।

इस तकलीफ की मुख्य वजह थी 5 माह पहले रवि के दाहिने जांघ में गंभीर रूप से हुआ आघात, जिसका उपचार उन्होंने बाहर कहीं से कराया था। उपचार के कुछ समय पश्चात् पैर में मवाद भर गया। इसके साथ ही सूजन तथा फोड़े हो गए थे जिसे सेप्टिक आर्थराइटिस कहा जाता है। इसकी वजह से रवि कुमार के दाहिने पैर की हड्डियों में रक्त का संचरण(प्रवाह) ना के बराबर हो जाने से उन्हे अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

इस बीच रवि कुमार को एनकेएच में मिलने वाली आधुनिकतम उपचार सुविधाओं का पता चला। वह परिजन के यहां उपचार कराने पहुँचा। 4 महीने तक ओपीडी में ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट में मवाद की साफ-सफाई करने तथा इंफेक्शन के कम होते तक इंतजार किया गया। जब पूर्ण रूप से इंफेक्शन कम हुआ तब आवश्यक जांच करवाए गए। जांच में पता चला की अब मरीज का पैर ठीक है परंतु इलाज से दर्द में कोई कमी नहीं आई है। परीक्षण बाद डॉ.एस चंदानी,हड्डी रोग विषेशज्ञ व सर्जन द्वारा सम्पूर्ण जोड़ प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। इसके बाद रवि कुमार के पैर के सूजन को कम करने के लिए उपचार प्रारंभ किया गया। जब मरीज की स्थिति सामान्य हुई तब जा कर उन्हें डॉ. रोहित, डॉ. पूजा एनेस्थेटिस्ट के द्वारा फिटनेस प्रदान किया गया। रवि के दार्ए कूल्हे की सम्पूर्ण जोड़ प्रत्यारोपण की सर्जरी स्पाइनल एनेस्थीसिया के देने के बाद की गई। 4 घंटे की सर्जरी के बाद वार्ड शिफ्ट कर रवि की फिजियोथेरेपी शुरू की गई और दो दिन में ही रवि अपने पैरों पर बिना किसी सहारे के चलने लगे। अब वह बिल्कुल भी परेशान नहीं है। मरीज रवि और परिजन ने सभी डॉक्टरों, नर्सिंग, ओटी स्टाफ का आभार प्रकट किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिली योजनाओं की जानकारी

योजनाओं का लाभ उठाने शिविर में लोग पहुंचे

कोरबा । विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आज विकासखंड कोरबा के ग्राम रजगामार, कोरकोमा, विकासखंड कटघोरा के ग्राम जेंजरा और हुंकरा, पोडी उपरोडा ब्लॉक के पाथा, ऐतमानगर, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम चोरभट्ठी, मदवानी, विकासखंड पाली के ग्राम पटपरा और नवापारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत दादर चौक वार्ड क्रमांक 31 उपस्वास्थ्य केंद्र के पास, वार्ड क्रमांक 40 में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया गया। शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई।

इससे पूर्व संकल्प यात्रा के वाहन के पहुचने पर ग्रामीण द्वारा स्वागत किया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। शिविर में पीएम आवास, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, उज्वला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में महिला समूह द्वारा हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं जीवन ज्योति बीमा आवेदन भराया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए गए। शिविर स्थल पर सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि पार्षदगण तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करने के साथ योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत 18 प्रकार के परंपरागत् व्यवसाय करने वाले हितग्राहियों को पंजीकृत किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत आज ग्राम पाथा शिविर में श्री बाबूलाल, पुनीराम, भोलाराम, गोवर्धन का पंजीयन किया गया। जिले में अभी तक 2077 हितग्राहियों का पंजीयन प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत किया जा चुका है।

राम जानकी मंदिर में कथा के अंतिम दिवस पर, श्रीराम विवाह पर निकली भव्य शोभायात्रा ,सैकड़ों लोग हुऐ शामिल

हरदीबाजार। हरदीबाजार लीलागर नदी के तट पर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में त्रिबिध कार्यक्रम श्रीराम कथा एवं श्रीराम विवाह,श्रीराम नाम जप एवं लेखन अनुष्ठान के अंतर्गत रविवार को कथा के अंतिम दिवस पर बोधराम कंवर के निवास से सांय 6 बजे भव्य शोभायात्रा (बारात) बग्गी,रथ में सवार होकर श्रीराम चंद्र जी के साथ दीदी मां मंदाकिनी श्री राम किंकर जी भी शोभामान थी,डीजे की धून व मानस मंडली की संकीर्तन के साथ आतिशबाजी करते हुऐ बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे नाचते,थिरके हुऐ कालेज रोड़ से कालेज चौक से बस स्टैंड होकर पुन- कालेज चौक से रेंकी चौक,भांठापारा होते हुए देर रात लीलागर तक पर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर व कथा स्थल पहुंची जहां दीदी मां मंदाकिनी के कर कमलों से वैवाहिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया वहीं बाराती बने लोगों को भंडारा भोजन कराया गया ,इस दौरान गांव से बड़ी संख्या में लोग भगवान श्रीराम के बारात में शामिल होकर विवाह के साक्षी बने । इस दौरान पूर्व विधायक बोधराम कंवर,श्याम बाई कंवर, पुरुषोत्तम कंवर,दयाराम कंवर, रामशरण कंवर, धनंजय कंवर,मीरा कंवर, प्रमीला कंवर,मदनलाल राठौर,रमेश अहिर, चंद्रहास राठौर ,अध्यक्ष नगर पालिका दीपका संतोषी दीवान,पोषकदास महंत,उत्तम दुबे, रामकुमार कंवर,गांव.ए.एन कंवर, गणेश प्रभूवा,राजेश राठौर, कदम यादव,विजय जायसवाल, कन्हैया राठौर,रामरतन राठौर, आत्माराम कंवर, कमलकांत साहू,रामकुमार यादव,बाबूराम राठौर, जगदीश अग्रवाल,पिंटू राठौर,विनोद उपाध्याय,राजाराम राठौर,हरनारायण सोनी,हरिशंकर पटेल,सत्या कंवर,लोकेश कंवर,कांति मधुकर, एवं पं. योगेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिला-पुरुष,युवा,बच्चे बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

बच्चों को भ्रमण कराकर दी गई औषधि पौधो की जानकारी

कोरबा। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत भारत सरकार आयुष मंत्रालय एवं संचालनालय के आदेशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोईदा में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन में ब्लॉक संयोजक डॉ. जी.आर. प्रभुवा, डॉ. सीमा पाटले एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बारे में जानकारी सहित दिनचर्या ऋतुचर्या, योग प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। शासकीय औषधालय में बच्चों को भ्रमण करा औषधि पौधों की जानकारी एवं पहचान कराई गई। इस मौके पर प्रधान पाठक होरी लाल पाटले, सत्यप्रकाश खांडेकर, उषा बर्मन, श्रीधर सिंह, योगेश नेताम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कलेक्टर के निर्देश पर स्कूल का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

कोरबा । कलेक्टर श्री सौरभ कुमार द्वारा स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण करने तथा अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश के पश्चात् अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत प्राथमिक शाला पंडरीपानी, बिरवट में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंडरीपानी में प्रात: 10 बजे शिक्षक अनुपस्थित मिले। प्राथमिक शाला बिरवट में भी एक शिक्षक अनुपस्थित पाया गया। ग्राम पंचायत नगईबछेरा के प्राथमिक शाला में निरीक्षण के दौरान शिक्षक उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को सूचित किया गया है।

सरायपाली खदान का कामकाज ठप्प किया भू-विस्थापितों ने

कोरबा। कोरबा जिले के पाली क्षेत्र में संचालित एसईसीएल की सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना खदान में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के समर्थन से ग्राम पंचायत बुड़बुड़ ग्रामवासियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया गया है। यहां सुबह 6 बजे से भूविस्थापित खदान में एकत्र हुए और कामकाज को प्रभावित करते हुए उत्पादन ठप्प कर दिया है। भूविस्थापित लोगों की मांग है कि पुनर्वास नीति का उन्हें लाभ दिया जाए पुनर्वास के बदले दी जाने वाली राशि के संबंध में इसे अपर्याप्त बताते हुए दूसरी परियोजनाओं की तरह 15 लाख रुपए प्रत्येक विस्थापित को दिए जाने की मांग की जा रही है। यदि 15 लाख रुपए नहीं दिया जा रहा है तो इन्हें जो 13 किलोमीटर दूर लाफा में बसाया जाना है उसे पाली के नजदीक 3 किलोमीटर के दायरे में बसाइट प्रदान किया जाना चाहिए। खदान में सुबह 6 बजे से जारी गतिरोध को दूर करने के लिए महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ-साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। उनके द्वारा दो दौर की वार्ता ऊर्जाधानी संगठन सपुरन कुलदीप व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी ग्रामवासियों के साथ की जा चुकी है किंतु दोनों ही दौर में वार्ता असफल रही है भूविस्थापितों ने कहा है कि उनकी मांग पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिए जाने के कारण आंदोलन जारी रहेगा। बता दें कि ग्राम बुड़बुड़ (सराईपाली परियोजना) में एस.ई.सी.एल. द्वारा भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है जिसमें बसाहट एवं अनिश्चितकालीन खदानबंदी हेतु मजबूर हैं। इस कड़ी में 20 दिसम्बर से सराईपाली परियोजना में ब्लास्टिंग, उत्खनन, उत्पादन व डिस्पेच अनिश्चितकालीन पूर्ण रूप से बंद शुरू कर दिया गया है।

आत्मानंद विद्यालय के एनएसएस छात्रों ने निकाली प्रभात रैली

कोरबा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्य विद्यालय बिंझरा की एनएसएस इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राथमिक शाला भांवर में किया जा रहा है जिसमें सुबह प्रभात तेरी रैली एवं स्वच्छता और जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत तालाबों बाजार,विद्यालय परिसर, सार्वजनिक भवन की सफाई एवं रंग रोगन सम्मिलित है। बौद्धिक परिचर्चा में बौद्धिक वक्ताओ द्वारा विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक उद्बोधन स्वयंसेवकों को दी जाती है तथा सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न विधाओं छत्तीसगढ़ी लोकगीत नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य सम्मिलित है

एसईसीएल को मिला अवार्ड

कोरबा। कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी द्वारा विज्ञान भवन नई दिल्ली में दिए गए पुरस्कार एसईसीएल को तीन खदानों की स्टार रेटिंग एवं विशेष अभियान 3.0 की उपलब्धियों के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा पुरस्कार दिया गया है। एसईसीएल की चरचा भूमिगत खदान (वर्ष 2018-19, 2019-20), बंगवार भूमिगत खदान (वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22) एवं खैरहा भूमिगत खदान (वर्ष 2020-21) के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार से नवाजा गया है। उक्त अवार्ड कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी के करकमलों से नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रदान किए गए।

कोयला मंत्रालय द्वारा कोयला एवं लिग्नाइट खदानों को सात व्यापक मॉड्यूलों खनन प्रचालन, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी एवं बेस्ट प्रैक्टिस का समावेश, आर्थिक प्रदर्शन, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, श्रमिक संबंधित अनुपालन और सुरक्षा एवं संरक्षण के आधार पर देशभर की सरकारी एवं निजी क्षेत्रों की कोयला एवं लिग्नाइट खदानों को स्टार रेटिंग दी जाती है। प्रत्येक खदान की उपलब्धियों का समग्र रूप से मूल्यांकन करते हुए, स्टार रेटिंग फाइव स्टार से नो स्टार तक के स्तर पर प्रदान की जाती है।

भूमिगत खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने पर ज़ोर, एसईसीएल में कंटीन्यूअस माइनर की संख्या होगी 50 के पारकोयला मंत्रालय द्वारा वर्ष 2030 तक भूमिगत कोयला खदानों से कुल उत्पादन 100 मिलियन टन तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। एसईसीएल द्वारा भी इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं जिसके फलस्वरूप पिछले वित्तीय वर्ष में काफी समय के बाद भूमिगत खदानों से कोयला उत्पादन में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है।

कैसे विकसित होगा भारत, अभियान से संबंधित जानकारी देने वाला वाहन रवाना

सक्ती। प्रभारी कलेक्टर सुश्री दिव्या अग्रवाल और विभिन्न जनप्रतिनिधियों के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जिले के लिए पहुंचे चौथे रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो विकासखंड डभरा के ग्राम सिंघीताराई पहुंची। इस कार्यक्रम के दौरान श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव, कृष्णाकांत चंद्रा, रामकुमार गबेल, रामनरेश यादव, संजय राम चन्द्र, अनूप अग्रवाल,संयुक्त कलेक्टर बालेश्वर राम, नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज, संजय सिंह (आदिम जाति कल्याण विभाग) सहित अन्य आधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कॉलेज मोड़ के पास भारी वाहन की ठोकर से एक की मौत

डभरा । नगर पंचायत डभरा के शासकीय कालेज मोड़ के पास सुबह 9 बजे के करीब ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह ठाकुरपाली निवासी मनोहर चौहान (43) पिता माधव राम चौहान किसी काम से घोघरी तरफ जा रहा था।

जैसे ही वह नगर पंचायत डभरा के कालेज मोड़ के पास पहुंचा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही ट्रेलर क्रमांक सी जी 07 बी एल 9235 ने चपेट में ले लिया। मनोहर चौहान का सिर वाहन के चक्के के नीचे आकर कुचला

गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीण मनोहर चौहान सिर पर हेलमेट भी पहना हुआ था। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद डभरा पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर 112 वाहन से पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा ले जाय गया। पोस्टमार्टम करने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए स्वजन को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

सड़क में रखी निर्माण सामग्री बनी दुर्घटना की वजह

नगर पंचायत डभरा में मुख्य मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ अघोर आश्रम के आगे

कालेज मोड़ तक नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा मेटेरियल को सड़क किनारे डंप कर रखा गया है। साथ ही सड़क किनारे जगह जगह गिट्टी बिखरा पड़ा हुआ है एवं नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया ह नाली निर्माण कर रहे ठेकेदार एवं नगर पंचायत द्वारा निर्माण स्थल पर बेरिकेट और सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। जिस कारण कभी भी और गंभीर हादसे हो सकतेहैं। वहीं नाली निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। जिसके कारण सड़क किनारे के दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ऑनलाइन परीक्षा आसान पर शारीरिक परीक्षा कठिन, दौड़ में 3500 हुए फेल

जांजगीर। अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में युवाओं ने ऑनलाइन परीक्षा तो आसानी से पास कर ली पर शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करना उनके लिए कठिन साबित हो रहा है। स्थिति ऐसी है कि अब तक की भर्ती में अधिकांश युवा दौड़ के पहले दौर में ही फेल हो गए, ऐसे युवाओं की संख्या 3,557 है, जो भर्ती में शामिल होने आए युवाओं की संख्या का लगभग 37 प्रतिशत है।

आईडी के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी को जेल भेजा

जांजगीर। प्रार्थी हीरारात केवट निवासी सोठी दिनांक 16.12.23 को

रिपोर्ट दर्ज कराया की आरोपी निर्मल चंद्रा अपने आप को बैंक का कर्मचारी बताते हुए अपने साथी के साथ मिलकर किओस्क बैंक आईडी दिलाने के नाम पर फोन पे के माध्यम से 10000 एवं केस 10000 कुल 20000 रूपया लिया है और आईडी नहीं दिलाने पर आरोपी निर्मल चंद्रा के संबंध में पता करने पर पता चला की आरोपी बैंक का कर्मचारी नहीं है आरोपी प्रार्थी के अन्य साथियो से भी आईडी दिलाने के नाम पर पैसा लिया है की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 111/23 धारा 420,34 भादवी कायम कर विवेचना मे लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी निर्मल चंद्रा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 17.12.23 को न्यायिक रिमांड में भेजा जा चुका है।

प्रकरण आरोपी रेहान चंद्रा निवासी अरसिया थाना जैजैपुर फरार था जिसकी बम्हनीडीह पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी जिसे मुखबिर सूचना पर से उसके सकुनत से घेराबंदी कर पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने साथी निर्मल चंद्रा के साथ प्रार्थी एवम अन्य व्यक्तियों से ठगी करना बताए जाने तथा आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 19.12.23 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

लाल झुनगा की पैदावार करने के साथ मिली आर्थिक मजबूती

डभरा । डभरा ब्लाक के ग्राम उपनी एवं सकराली के कछार में लाल झुनगा की फसल किसानों ने ली है। अब किसानों की मेहनत रंग ला रही है । इस महीने के अंतिम सप्ताह तक फसल तैयार हो जाएगी।

ग्राम उपनी बोराई नदी के किनारे बसा है

यहां कृषक व मजदूर वर्ग के लोग निवास करते हैं। हमेशा ग्रामीण कछार में फसल उगाते है। ग्राम उपनी के बोराई नदी एवं महानदी के बीच में कछार जमीन है जो बहुत ही उपजाऊ है । हर साल गांव के किसान लाल झुनगा की खेती करते हैं। यहां केग्रामीण मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं । कछार जमीन में सब्जी के साथ-साथ झुनगा की खेती करते हैं । सब्जी की खेती फूल गोभी, शकरकंद व भाजी भी लगाते हैं।

कछार जमीन में लगभग 200 एकड़ में लाल झुनगा की खेती की गई है। किसानों ने बताया कि इस साल बे मौसम वर्षासे फसल में बीमारी लगने के कारण फसल को नुकसान हुआ है। इस साल पैदावार कम होने की संभावना है। उपनी का झुनगा क्षेत्र में मशहूर है। व्यापारी गांव में फसल होने के बाद लेने पहुंच जाते हैं। वही देशी झुनगा की मांग सारंगढ़, सक्ती, रायगढ़ व खरसिया

सहित अन्य जिले में भी है।

ग्राम उपनी के किसान सालिक राम यादव, छेदी निषाद ,लोकेश्वर माली ,तोष कुमार यादव एवं ग्राम सकराली के किसानों ने यह फसल ली है। यह फसल सितंबर महीने के अंतिम दिनों में लगाया गया था जो दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में तैयार हो जाएगी। किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ 5 क्विंटल से अधिक पैदावार होती है । प्रति किलो 100 रूपये से 120 रूपये किलो के भाव बाजार में बिक रहा है। किसानों का यह पुश्तैनी धंधा है ।

12 वाहनों को अवैध खनन के मामले में किया जप्त

जांजगीर-चांपा। जिले के खनिज विभाग के उड़नदस्ता ने अवैध ढंग से खनन और परिवहन कर रहे 12 वाहनों पर कार्रवाई की है। प्रभारी उत्तम प्रसाद खूंटे, प्रभारी खनिज निरीक्षक, सहायक दल प्रभारी पीडी जाडे एवं टीम द्वारा चांपा, जांजगीर, अकलतरा, पामगढ़, शिवरीनारायण, बिर्रा, बम्हनीडीह एवं पीथमपुर क्षेत्र में खनिज के अवैध परिवहन करने वाले वाहनो का औचक निरीक्षण किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जिले में अवैध परिवहन करने वाले 5 हाईवा खनिज पत्थर परिवहन कर रहे 3 हाईवा मिट्टी परिवहन कर रहे 1 हाईवा और कोयला परिवहन करते 3 हाईवा को जब्त किया गया। सभी 12 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण पर

प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जांच की जा रही है।

अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

केन्द्रीय बल ने क्षेत्रीय नागरिकों से बढ़ाया जुड़ाव दिए, संसाधन

भैरमगढ़। जिले के फूलगट्टा प्राथमिक शाला में सीआरपीएफ एफ/199 वाहिनी द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण और स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत बेरोजगार महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई तथा नव युवकों एवं छात्र- छात्राओं को मनोरंजन और खेल के लिए क्रिकेट किट, वॉलीबॉल और नेट, बैडमिंटन किट एवं टेनिस बॉल आदि समानों का वितरण किया गया।

अवैध बार बनाने पर की गई कार्रवाई

चांपा-जांजगीर। अभियान के तहत जिले के राठौर ढाबा सिवनी मोड सिवनी, देशी ढाबा मेन रोड सिवनी, आनन्द ढाबा अफरीद, चिन्टु ढाबा तिलई, सम्राट ढाबा बनारी, के.के. ढाबा कोरबा रोड सिवनी, कश्यप होटल नवापारा में शराब पीते पायें जाने पर आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही।

आरोपियों के विरूद्ध धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है, जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। जिला पुलिस द्वारा ढाबा में सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने एवं पीलाने के विरूद्ध कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया गया अभियान के तहत थाना नवागढ़ में 02 आरोपी के विरूद्ध, थाना चाम्पा में 03 आरोपियों के विरूद्ध, थाना सारागांव में 01 आरोपी के विरूद्ध, थाना जांजगीर में 03 आरोपियों के विरूद्ध विधिवत् आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार,एसडीओपी जांजगीर प्रदीप कुमार सोरी, निरी. मनीष परिहार थाना प्रभारी चाम्पा, निरी. उमेश वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, निरी. कमलेश सेण्डे थाना प्रभारी नवागढ, उपनिरी. सत्यम चौहान थाना प्रभारी सारागांव का सराहनिय योगदान रहा।

आयुर्वेद का चिकित्सा शिविर लगेगा कल

अकलतरा। आयुर्वेद चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में 22 दिसंबर को परसाही नाला के पंचायत भवन के पास विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य जागरूकता व आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसके चौहान ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी विभिन्न रोगों की जांच करने के साथ-साथ आयुर्वेदिक औषधियों को निशुल्क बांटेंगे।

बहू को इतना सताया कि कर ली खुदकुशी, जांच के बाद चार आरोपियों पर जुर्म दर्ज

जांजगीर चांपा। आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले चार आरोपियों को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर चारों को न्यायिक रिमांड में भेजा है। राकेश कुमार यादव निवासी सिरगिट्टी बिलासपुर ने 9 नवंबर को रेलवे कालोनी अकलतरा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। जिसकी सूचना पर थाना अकलतरा में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्रवाई में लिया गया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

मर्ग जांच दौरान घटना स्थल से सुसाइड नोट बरामद किया गया। सुसाइडल नोट के आधार एवं मृतक के परिजनों का कथनानुसार आरोपी पुनी राम उर्फ राम यादव, लक्ष्मण यादव, लक्ष्मी उर्फ बिट्टू यादव एवं कृष्णा बाई यादव सभी निवासी देवरीखुर्द थाना तोरवा जिला बिलासपुर के द्वारा मृत युवक को शादी करने के लिए प्रताड़ित करता था। जिसके द्वारा मना करता था फिर भी आरोपियों द्वारा बार-बार प्रताड़ित करता था। जिस कारण से युवक प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया था।

पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध थाना अकलतरा में धारा 306, 34 कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी पुनी राम उर्फ राम यादव, लक्ष्मण यादव, लक्ष्मी उर्फ बिट्टू यादव एवं कृष्णा बाई यादव सभी निवासी देवरीखुर्द थाना तोरवा जिला बिलासपुर को घटना के संबंध में पूछताछ की गई। जिन्होंने जुर्म स्वीकार किए जाने से तथा आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पाए जाने से गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक तुलसिंह पट्टावी, उपनिरी. बीएल कोसरिया, महिला आर. अंजना लकड़ा, रश्मि भदौरिया, आरक्षक शशीकांत कश्यप, राजेश कश्यप, बृजपाल बर्मन का योगदान रहा।

जनदर्शन में किसान सम्मान निधि व पेंशन दिलाने मांग

सक्ती। प्रभारी कलेक्टर दिव्या अग्रवाल ने जनदर्शन के माध्यम से दूरदराज के गांवों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। दतौद के मनमोहन श्रीवास ने ट्राइसाइकिल मंजूर कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर प्रभारी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र ही पात्रतानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनदर्शन में बाराद्वार तहसील के अन्तर्गत आने वाले लवसरा निवासी शिवनंदन चौहान ने किसान सम्मान निधि दिलाने की मांग की।

रबी फसल के लिए 10 जनवरी से 110 दिन मिलेगा पानी



जांजगीर चांपा। रबी फसलों की सिंचाई के लिए जिले की नहरों में 10 जनवरी से पानी छोड़ने का निर्णय जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक लिया गया है। पानी 30 अप्रैल तक दिया जाएगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि बांगो बांध का जल भराव अभी 73.20 प्रतिशत है।

डाक्टर ने लिखी भ्रूण विकास के लिए दवा, रेडऱास ने थमा दिया गर्भपात का टेबलेट

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) के गायनिक डाक्टर ने तीन माह की गर्भवती महिला को ब्लीडिंग की शिकायत पर गर्भपात रोकने और भ्रूण विकास के लिए दवा लिखी थी। वहीं सिम्स परिसर में ही संचालित रेडऱास के मेडिकल स्टोर में कर्मचारी ने गर्भपात कराने वाला टेबलेट थमा दिया। इसका सेवन करने से महिला की तबीयत बिगड़ गई। फिर उसका गर्भपात हो गया। सरकंडा के कपिल नगर निवासी पूजा सुर्यवंशी पति दीपक (20) तीन माह के गर्भ से थी। 19 दिसंबर को पूजा अपने पति दीपक के साथ जांच करवाने के लिए सिम्स के गायनिक डाक्टर के पास आई थी। यहां महिला ने ब्लीडिंग की भी शिकायत की थी। जांच करने के बाद स्त्रीरोग विशेषज्ञ डाक्टर ने दवा लिखी। इसके बाद पूजा ने सिम्स परिसर में स्थित रेडऱास दवा दुकान में जाकर पर्ची दिखाई। वहां के कर्मचारी ने पक्का बिल के साथ दवा दे दी। पूजा दवा खाकर आराम करने लगी। कुछ समय बाद पूजा को घबराहट के साथ-साथ ब्लीडिंग शुरू हो गई। देखते ही देखते पूजा का गर्भपात हो गया। इसके बाद पति दीपक पूजा को सिम्स लेकर आया और स्त्रीरोग विशेषज्ञ डाक्टर से पूजा की जांच करवाई। महिला डाक्टर दवा देखकर हैरान हो गई। उन्होंने मरीज के स्वजन को बताया कि पर्ची में जो दवा लिखी है, उसके जगह में दवाई दुकान से गलत दवा दी गई है।

प्रवास पर पहुंचे गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष

शिवरीनारायण। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज गुरुवार को एकदिवसीय प्रवास पर होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त महाराज दिनांक 21 दिसंबर को सुबह 10.00 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से रवाना होकर 12.30 बजे जांजगीर पहुंचेंगे यहां वे स्वर्गीय श्री वेद प्रकाश शर्मा के यहां शोकाकुल परिवार से भेंट मुलाकात करेंगे, दोपहर 1.30 बलौदा पहुंचेंगे यहां शोकाकुल सोनी परिवार से भेंट मुलाकात करेंगे, पौने तीन बजे उनका आगमन खरौद होगा।

यहां योगेंद्र सोनी के यहां श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लेंगे, शाम 4.15 बजे शिवरीनारायण पहुंचकर केसरवानी परिवार के शोक संतप्त परिवार से भेंट मुलाकात करेंगे 4.45 बजे उनका आगमन शिवरीनारायण मठ होगा भगवान का दर्शन पूजन करेंगे। यहां से 5.45 बजे रवाना होकर 8.30 बजे रायपुर पहुंचेंगे, रात्रि 9.00 बजे विकासखंड अभनपुर जिला रायपुर अंतर्गत स्थित ग्राम भरेंगा में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 10.00 बजे उनका आगमन श्री दूधाधारी मठ रायपुर होगा।

न्यायालय तहसीलदार
बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-21/2023-24

-:: ईश्तहार ::-

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी पिता श्री राजमणि त्रिपाठी निवासी ग्राम बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 482/12 रकबा 0.0110 हे. परिवर्तित भूमि को पैसों की आवश्यकता होने से उक्त भूमि एवं उसमें निर्मित मकान को क्रेता श्रीमती सविता पाण्डेय पति मनोज कुमार पाण्डेय निवासी महतपारा बैकुण्ठपुर के पक्ष में विक्रय करने हेतु अनुमति की मांग की गई है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 04.01.24 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

(सील) तहसीलदार बैकुण्ठपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.)

ईबोर्ट ए.ब.क./अ-6-अ/2022-23

-:: ईश्तहार ::-

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदकगण प्रकाश जायसवाल आ. स्व. मंगल प्रसाद जायसवाल निवासी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया एवं 01 अन्य ने आवेदन पेश किया है, कि आवेदकगण के द्वारा दिनांक 11.10.2000 में राजीवी वी. से भूमि क्रय किये थे जिसका ख.नं. 76/9 क में से रकबा 60×170=10200 वर्गफुट एवं 100×50=5000 वर्गफुट क्रय किया है। आवेदकगणों के द्वारा दिनांक 11.01.2001में राजीवी वी. से पृ.ख. ख.नं. 76/9 क में से रकबा 58×55=3190 वर्गफुट एवं 12.5×80=1000 वर्गफुट क्रय किये गये थे। जिसका भू-अभिलेख में त्रुटिवश गलत एवं नकशा एवं रकबा दर्ज हो गया है जिसे सुधार कराना है। आवेदकगण द्वारा नकशा एवं रकबा में हुई त्रुटि को सुधार को किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 05.01.24 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

कार्यालय वनमंडलाधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेंद्रगढ़ (छ.ग.)

नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के काछगवा जनक्षेत्र में दिनांक 29.12.2023 को ईमली काष्ठ/लकड़ा चट्टा एवं आर.टी.एल. काष्ठ का ओपीजिक्ल विक्रय के अनुक्रम प्रातः 10.00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्तें एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है।

क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली-भांति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगावें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

क्र.	प्रजाति	नये अविक्रित काष्ठ			पुराने अविक्रित काष्ठ		
		लट्ठा		बल्ली	लट्ठा		बल्ली
		नग	घ.मी.	नग	घ.मी.	नग	घ.मी.
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सागौन	0	0	11	0.389	31	0.497
2	साल	0	0	18585	1550.993	7029	186.420
3	साल आर.टी.एल.	0	0	15417	834.547	20465	410.171
4	साल कोल्ली बल्ली	0	0	2580	138.775	3188	122.114
5	हल्दू, मुण्डी, बांस	0	0	11	1.558	1	0.026
6	साजा	0	0	175	15.317	13	0.391
7	धावड़ा	0	0	8	0.665	0	0
8	सलकढ़ा	0	0	69	6.163	70	1.772
	योग:-	0	0	36856	2548.407	30797	721.391
9	मिश्रित जलाऊ	-				277 चट्टा पुराना	

टीप :- 1. ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 10.00 बजे प्रातः में की जावेगी तत्पश्चात् जलाऊ चट्टों की नीलामी की जावेगी।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे।
3. समस्त क्रेता को आपकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2022 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई.एम.डी. राशि का अलग-अलग चेक देवें।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

जी-06470/7

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NODH PROPERTY LOCATION-499 | Korba West Ind. Dev. Area
TENDER NOTICE No. 277/2023 (e- Bidding)

Online tenders are invited from experienced & prospective bidders for the following Works :

S. No	RfX No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date and time of submission
1.	RFX No. 8100035168	Assistance Services in Office Computer Work at O/o Addl. C.E./O&M-II, HTPS, CSPGCL, Korba West.	590/-	9,515/-	10.01.2024

NOTE : 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in - e-Bidding.

9-39102/3

अनमोल वचन

जिन को जितना अपना माना वह उतना ही गैर निकले..!

जनता के बीच जाइए

विपक्ष के पास एक ही रास्ता है कि वह राजनीति का तरीका बदले। सर्वसत्तावादी सरकारों पर लगाम सिर्फ जनता के बीच रहते हुए और उसे संगठित करते हुए ही लगाई जा सकती है। मगर विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं दिखता। अब यह लगभग दस साल का अनुभव है कि वर्तमान भाजपा सरकार संसदीय जवाबदेही को नहीं मानती। ना ही संसद की प्रक्रियाओं का आदर करती है। जिस थोक भाव में सांसदों का निलंबन अब हुआ है, उससे यह बात पुष्ट हुई है कि गुजरते वक्त के साथ सत्ता पक्ष का यह रुख और कठोर होता जा रहा है। सोमवार तक कुल 92 सांसदों को निलंबित किया जा चुका था। राज्यसभा के निलंबित हुए 46 सदस्यों में से 35 को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित किया गया है। बाकी 11 सांसदों को उनके व्यवहार पर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। उधर लोकसभा में निलंबित 46 सांसदों में से तीन सांसदों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। बाकी पूरे सत्र के लिए सस्पेंड किए गए हैं। आखिर इन सांसदों का दोष क्या था। वे 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मसले पर गृह मंत्री से बयान की मांग कर रहे थे। क्या यह मांग इतनी बड़ी थी, जिसको लेकर इतना बड़ा विवाद खड़ा होता। मगर ऐसा हुआ है, तो उसके निष्कर्ष स्पष्ट हैं। सरकार ने बता दिया है कि वह विपक्ष और विरोध को स्वीकार नहीं करती। तो अब प्रश्न विपक्ष के सामने है कि वह क्या करेगा। लोकतंत्र की हत्या हुई, जैसे जैसे बयान अब कोई प्रभाव पैदा नहीं करते। गौरतलब है कि सांसदों के निलंबन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि एक बार फिर मोदी सरकार ने संसद और लोकतंत्र पर हमला किया है। उन्होंने ये अंदेशा भी जताया कि विपक्ष की गैर-हाजिरी में सरकार कुछ महत्त्वपूर्ण बिल पास करा लेगी। ये बात भी बहुत दमदार नहीं है, क्योंकि सरकार विपक्ष की मौजूदगी में भी मनमाफिक ढंग से विधेयक पास कराती रही है। ऐसे में विपक्ष के पास एक ही रास्ता है कि वह राजनीति का तरीका बदले। सर्वसत्तावादी सरकारों पर लगाम सिर्फ जनता के बीच रहते हुए और उसे संगठित करते हुए ही लगाई जा सकती है। मगर विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं दिखता। इसलिए वह अपनी जगह खोता चला गया है।

राशिफल

मेष : आज आपका दिन मानसिक उत्साहन वाला होगा परन्तु बाद में थकान महसूस होगी। किसी फैसले पर पछतावा होगा। साझेदारी में शिक्षा मत्र काम आपके लिये फायदेमंद हो सकता है। आप अपने प्रचार स्लमता से लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने में सफल रहेंगे। ऑफिस के किसी काम में कोई बवकवाट आ सकती है।

वृष : आज आपको कोई नया वार्क मिल सकता है। इस राशि के विद्यार्थी के लिये आज एक दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों से किसी विषय को समझने में मदद मिलेगी। पहले किये गये किसी काम में प्रयासों का आज आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। सहयोगी या प्रेमी आज एक दूसरे के साथ समय बितायेंगे।

मिथुन :आज जीवनसाथी आपकी भावनाओं को समझेंगे और आपके मन की बात जानने की कोशिश करेंगे। इससे रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आज जो काम आपके लिए खास हैं, उसे पहले निपटाने की कोशिश करेंगे। काम में आपको पूरी सफलता मिलेगी। अगर आप कुछ दिनों से किसी निजी समस्या को लेकर परेशान चल रहे हैं।

कर्क :आज आपको ऑफर्स डैलर्स की डील फायदी हो जायेगी। माता अपने बच्चों को कोई पारन्दीय भोजन बना कर खिला सकती हैं। किसी जरूरी काम में सफलता मिलेगी। पैसों के मामले में स्थिति ठ्ठरती रहेगी। महिलाओं को अपने पति का सहयोग मिलेगा।

सिंह : आज समय आपके साथ है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। आप उत्तुहस से भरे रहेंगे। सब ही कुछ बेहतरीन कर तुजरने के मूड में रहेंगे। आज आपके सामने कुछ अटके अफसर आयेंगे, आपको उनका पूरा साथ उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। जो लोग पर्यटन के क्रेत्र से जुड़े है, उनको फायदा हो सकता है।

कन्या : आज आपको अपने मान-सम्मान का पूरा ध्यान रखना चाहिए। बातों में उत्तहसे से बचना चाहिए। आज किसी जरूरी काम को पूरा करने में सफल रहेंगे। परिवार वालों के साथ आप घर में ही मनपाक वा ध्यान लगायेंगे। परिवार वालों के साथ किसी गंभीर मुद्दे पर बात करेंगे। जीवन सथी के साथ आपके रिश्ते ठीक रहेंगे।

तुला : आज आपके दान ताम के योग हैं। इस राशि के विद्यार्थी के लिए आज एक दिन समान्य रहने वाला है। आपको मेहनत ज्यादा ही रंग लायेगी। आज आप समझदारी के साथ काम करेंगे। आपको बवकोवार में आगे बढ़ने के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

वृश्चिक : आज आपकी सकारात्मक सोच आपको सफलता दिलाने में मदद करेगी। आज एक दिन बेहतर रहेगा। जीवन को और अच्छा बनाने के लिए आप कुछ नया और रचनात्मक करेंगे। सरकारी नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन समान्य रहने वाला है।

धनु : संभलकर फैसला लेने से आज आपको दान संबंधी कोई काम पूरा हो जायेगा। आपको दिमाग में कोई मकानकमाल ज्यादा पुचल से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको धैर्य बनाये रखना चाहिए। जिम्मेदार आज अपने साथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

मकर : रोजगार में बढ़ोत्तरी होगी। कुछ लोगों का व्यवहार चिंता का कारण बनेगा। समाज में अपना मान-सम्मान बनाये रखने के लिये आपको कोशिशें जारी रखनी होगी। आज घर में किसी मामले को लेकर उत्तहस हो सकती है, अपने गुस्से और ज़ुबान पर सयम रखें और विवादों से बचकर रहें। कोर्ट-कचहरी के मामले सुलझ जायेंगे।

कुंभ : आज आपका समय लगभग सही रहेगा। कार्यक्षेत्र में बढ़ोत्तरी के आसार बनेंगे। परिवार के किसी ज्ञानन गुट्टे पर आप अपना फैसला दृढ़ रखेंगे। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। समाज में आपकी एक अलग पहचान बनेगी।

मीन :आज का दिन रोजगार की दृष्टि से उत्तम रहेगा। व्यवसा एक सकारे हैं। आर्थिक रूप से मजबूत रहेंगे। जल्द ही कोई बड़ा लाभ मिलेगा। अपने काम को आलसे से गति दे लोगेंगे। जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत मिलेगा। परिवार के सदस्य प्रसन्न होंगे।

विपक्ष को सीट बंटवारे से आगे देखना होगा

//अजीत द्विवेदी//

तीन महीने से कुछ ज्यादा अरसे के बाद एक बार फिर विपक्षी पार्टियों के नेताओं की बैठक होने वाली है। बड़े राजनीतिक उथल-पुथल वाले घटनाक्रम के बाद विपक्ष की यह बैठक हो रही है। आखिरी बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में हुई थी और उसके बाद 13 सितंबर को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की 13 सदस्यों की समन्वय समिति की बैठक हुई थी। उस बैठक में एकमात्र फैसला यह हुआ था कि विपक्षी गठबंधन की भोपाल में साझा रैली होगी परंतु कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने उस पर पानी फेर दिया था। बहरहाल, विपक्ष की आखिरी बैठक के बाद पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें चार राज्यों में कांग्रेस हारी और सिर्फ एक दक्षिणी राज्य तेलंगाना में सरकार बनाने में उसे कामयाबी मिली।

इस अवधि में एक के बाद एक कई घटनाएं हुईं- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का विवाद हुआ और फिर सुलह भी हुई, विपक्षी गठबंधन के प्राइम मूवर नीतीश कुमार के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर सवाल उठे, जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म करने के सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लगी, संसद की सुरक्षा में चूक हुई, 14 सांसद निलंबित हुए और सरकार व विपक्ष में टकराव का नया दौर शुरू हुआ, ईडी ने आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया और दो मुख्यमंत्रियों- अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को समन जारी किया।इन तमाम घटनाओं के बाद 19 दिसंबर को जब विपक्षी पार्टियों के नेता बैठक करेंगे तो सबसे बड़ा सवाल उनके सामने होगा कि आगे की राह क्या हो। पांच राज्यों के चुनाव नतीजों से विपक्ष को यह तो समझ में आया है कि सिर्फ बातों में एकता बनाने से काम नहीं चलेगा। अगर जमीनी स्तर पर एकता बनेगी और भाजपा के साथ आमने-सामने की लड़ाई बनेगी तभी कोई फायदा होगा। अगर विपक्ष की छोटी छोटी पार्टियों ने तालमेल किया होता तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नतीजे अलग आए होते। इन दो राज्यों के आंकड़ों से भी विपक्षी पार्टियों को सीधी लड़ाई बनाने की जरुरत का अहसास हुआ होगा। अब तक इस बारे में सिर्फ बातें होती रही हैं कि हर सीट पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार उतारना है। अब उसको मूर्त रूप देने का समय आ गया है। सो, निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियां इस बारे में बात करेंगी।

लेकिन यह एकमात्र मुद्दा नहीं है, जिस पर विपक्षी पार्टियों को विचार करने की जरुरत है। ज्यादातर पार्टियां चाहती हैं कि जल्दी से जल्दी सीटों का बंटवारा हो और ज्यादा से ज्यादा राज्यों में गठबंधन को अंतिम रूप दिया जाए। यह जरूरी है लेकिन सिर्फ गठबंधन का विस्तार करने या सीट बंटवारा कर लेने से भाजपा से लड़ाई संभव नहीं है। यह भाजपा से लड़ाई की रणनीति का सिर्फ एक हिस्सा हो सकता है। एक मजबूत गठबंधन बनाने के लिए विपक्षी पार्टियों सबसे पहले अपने विस्तार की चिंता छोड़नी होगी। अभी ज्यादातर पार्टियां अपने विस्तार की चिंता में लगी हैं। उनको लग रहा है कि उन्हें अपने असर वाले राज्यों में लड़ने के लिए ज्यादा सीट मिल जाएं और अपने असर वाले राज्य से बाहर भी कुछ सीटें मिल जाएं। यानी सभी पार्टियां ज्यादा से ज्यादा सीट लड़ना चाहती हैं। चार राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद प्रादेशिक पार्टियों का हौसला बढ़ा है और उनको लग रहा है कि वे कांग्रेस से मोलभाव करके ज्यादा सीटें हासिल कर सकती हैं। दूसरी ओर कांग्रेस भी हर राज्य में 40 फीसदी वोट मिलने के आंकड़ों के आधार पर अपनी मजबूती बताने में लगी है। वह गठबंधन का नेतृत्व करने और ज्यादा से ज्यादा सीट पर लड़ने की सोच छोड़ नहीं रही है। सो, अपने विस्तार और गठबंधन के विस्तार से आगे विपक्षी पार्टियों को सोचना होगा।

दूसरी अहम बात यह है कि विचारधारा में समानता और एकरुपता के लिए काम करना होगा। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि सिर्फ ज्यादा पार्टियों को इकट्ठा कर लेने या ज्यादा राज्यों में तालमेल कर लेने या हर सीट पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार उतार देने से विपक्षी गठबंधन की जीत की गारंटी नहीं होगी। मजबूत गठबंधन, संगठन, जमीनी तैयारी, संसाधन आदि चीजें जरूरी हैं लेकिन उसके साथ ही एक वैकल्पिक विचार की भी जरुरत है। दुर्भाग्य से विपक्षी गठबंधन अभी इसे तय नहीं कर पा रहा है। कांग्रेस भी अलग अलग मुद्दे आजमा रही है और प्रादेशिक पार्टियां भी राज्यों में अपने हिसाब से मुद्दे आजमा रही हैं। लेकिन मुद्दों और विचारधारा पर समानता और एकरुपता नहीं दिख रही है। यहां तक कि कांग्रेस खुद ही अलग अलग राज्यों में अलग अलग मुद्दे और विचार आजमा रही है।विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक में इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। यह समझना होगा कि भाजपा से लड़ने के लिए भाजपा जैसे ही विचार की जरुरत नहीं है। इसके लिए प्रतिविचार की जरुरत है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि वह प्रतिविचार डीएमके के सनातन विरोध की तरह नहीं हो। इसके बीच संतुलन बनाने की जरुरत होगी। भाजपा के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृतव के तीन मुद्दों का जवाब देने के लिए क्या किया जा सकता है इस पर विचार करना होगा। विपक्षी पार्टियों को भाजपा की ओर से बनाए नैरेटिव के जाल में भी नहीं फंसना है। विपक्ष ने जाति गणना के जिस मुद्दे में अपने को इतना खपाया वह हिंदी पट्टी के राज्यों में सफल नहीं हुआ है। मुफ्त की वस्तुओं और सेवाओं की घोषणा में भी अब कुछ नयापन नहीं रह गया। सारी पार्टियां इसे आजमा रही हैं। सो, विपक्षी पार्टियों को नए आइडियाज के बारे में सोचना होगा। मुश्किल यह है कि अब समय कम बचा है। दूसरी ओ भाजपा ने अपना नैरेटिव सेट कर दिया है। जम्मू कश्मीर से राष्ट्रवाद और अयोध्या से हिंदुत्व का एजेंडा सेट है तो दूसरी ओर राज्यों में पिछड़े, दलित, आदिवासी के साथ सवर्ण का इंद्रधनुषी समीकरण भाजपा ने बनाया है। और ऐसा नहीं है कि यह एक-दो महीने या एक-दो साल में हुआ है। पहले की तरह भाजपा और संघ ने तात्कालिक ध्रुवीकरण की बजाय व्यापक हिंदू समाज के पुनर्जागरण का माहौल बनाया है। इसके लिए क्या वैकल्पिक एजेंडा हो सकता है उस पर विपक्ष को गंभीरता से विचार करना होगा। कम समय में किस एजेंडे को आम लोगों के दिमाग में बैठाया जा सकता है उसकी तलाश सबसे जरूरी है। कांग्रेस अब संसद की सुरक्षा में चूक के बाद बेरोजगारी और महंगाई का मुद्दा उठा रही है लेकिन विपक्ष अगर लोगों को यह नहीं समझा पाता है कि उनके अपने हित के लिए गठबंधन की जीत जरूरी है तब तक गठबंधन का आकार बढ़ाने का कोई फायदा नहीं होगा।

विपक्ष नकल करता है अक्ल नहीं लगाता!

//हरिशंकर व्यास//

विपक्ष के पुराने और नए नेता नरेंद्र मोदी की देखा-देखी वह सब कर रहे है जो चुनाव प्रबंधन के नए तौर-तरीके हैं। सोशल मीडिया, सर्वे टीम, चुनावी प्रबंध की एजेंसियों, पेशेवरों, मार्केटिंग-ब्रांडिंग की पोस्टरबाजी के सारे तामझाम राहुल, अखिलेश, तेजस्वी, हेमंत, अरविंद केजरीवाल, जयंत चौधरी, अभिषेक बनर्जी आदि चुनावों में अपनाए हुए होते हैं। करोड़ों-अरबों रुपए खर्च करते हैं। निश्चित ही चार महीने बाद 'इंडिया' एलांयस की पार्टियां इसी ढर्रे पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। मगर होगा वही जो अभी उत्तर भारत में हुआ है। कांग्रेस जैसे हारी है। क्यों।

जवाब में राहुल गांधी, केजरीवाल, अखिलेश, मायावती, लालू यादव, नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन आदि को खुद यह सोचना चाहिए कि इनके पास वह जुमला, वह मुद्दा, वह जादू, वह अभिनय, वह स्क्रिप्ट कहां है, जिसके भौकाल से लोग नरेंद्र मोदी की बजाय उनकी फिल्म पसंद करें। उनके भक्त बने। क्या विपक्ष किसी ऐसे चेहरे को मोदी के आगे उतार सकता है, जिससे लोग ठिठक कर सोचें, हां, यह तो काबिल है, दमदार है और इसे ही वोट देना है! या क्या विपक्ष के पास नरेंद्र मोदी को घेरने का ऐसा मुद्दा, ऐसा आरोप है, जिससे लोग नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोचने को मजबूर हों। लोग गुस्सा हो जाएं। अगला सवाल है कि विपक्षी नेताओं में यह संकल्प है कहां कि कुछ भी हो जाए हम एक साथ करो-मरो में नरेंद्र मोदी को हराने की प्रतिज्ञा करते हैं। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद विपक्षी नेताओं की क्या कानाफूसी सुनाई दी। अखिलेश अपने अंतरंगों में कहते हुए थे अच्छा हुआ कांग्रेस को औकात मालूम हुई! सब यह खैर मनाते हुए थे कि अब कांग्रेस दबी रहेगी! नीतीश को भरोसा हुआ कि वे अब 'इंडिया' के मालिक। ऐसे ही मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल में होने और केजरीवाल के जेल जाने के आसार के बावजूद आप पार्टी के नेताओं में गलतफहमी है कि वे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में अकेले मोदी को लोकसभा सीटें नहीं जीतने नहीं देंगे। कांग्रेस या तो हमारी शर्तों पर सीट समझौता करे नहीं तो हम अकेले लड़ेंगे।

हां, इसी अंदाज में सब नेता, सभी विरोधी पार्टियां एक-दूसरे को लेकर सोचते हुए हैं। आखिरी वक्त तक ऐकला चलो के ढर्रे में पार्टियां तैयारियां करेंगी और ऐन वक्त सीट एडजस्टमेंट से हवा बनाई जाएगी कि हम मोदी को हराने के लिए एकजुट हो गए हैं। पर उससे माहौल कैसे बनेगा। यूपी-बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि में मोदी भक्तों की भीड़ और मोबिलाइजेशन के आगे मोदी विरोधियों में क्या कोई वैसी बिजली कड़की हुई होगी जैसे इमरजेंसी के बाद विपक्षी एकता बनते ही उत्तर भारत में फिजा बदली थी। 1977 का वक्त हो या 2014 के चुनाव से पहले का अन्ना हजारे आंदोलन व मोदी-शाह का भौकाल कई महीनों में धीरे-धीरे पका था। जबकि 'इंडिया' एलायंस में होना क्या है। राहुल, अखिलेश, नीतीश, तेजस्वी, हेमंत, केजरीवाल आदि पहले अपने सलाहकारों, सर्वेयरों, मैनेजरों से हिसाब लगवाते रहेंगे कि हम फलां-फलां सीट को जीत लेंगे। फिर सौदेबाजी करेंगे। खींचतान होगी। मार्च तक सीट एडजस्टमेंट बना होगा और सभी अपने खाते की सीट पर विपक्षी वोटों की गोलबंदी से भाजपा को हराने की गलतफहमी में रहेंगे। न पार्टियों के कार्यकताओं में मिलजुल कर मेहनत का जोश बना हुआ होगा और न किसी नारे, मुद्दे का अखिल भारतीय भौकाल व नैरेटिव होगा। मेरा मकसद विपक्ष के मनोबल को पंक्चर करने का नहीं है और न नरेंद्र मोदी को अजेय बताने का है। इंदिरा गांधी जब लुंजपुंज एलायंस से हार गई थी और राजीव गांधी की 420 सीटों का बहुमत भी जब पांच साल बाद में हार में बदला था तो नरेंद्र मोदी और भाजपा के चालीस प्रतिशत भक्त हमेशा जीतते जाने की गारंटी नहीं है। मगर हवा का रूख और परिवर्तन का माहौल तो पहले पका हुआ होना चाहिए। उत्तर भारत में इतनी बुरी हार के बाद चार महीनों में केजरीवाल, खड़गे-राहुल, अखिलेश, तेजस्वी, हेमंत, नीतीश कुमार में अपनी कमियों-गलतियों को समझ कर अक्ल से करो-मरो की एकता बना ले और चुनाव लड़े तो यह फिलहाल असंभव सा है। फिर भले तमाम विरोधी नेता जानते हुए हैं कि मई 2024 में हारने के बाद उनका खत्म होना तय है।

तेलंगाना में किसको फायदा

तेलंगाना के विधानसभा चुनाव के बाद बाद फोकस आंध्र प्रदेश पर है। हालांकि तेलंगाना की तरह आंध्र में जगन मोहन रेड्डी की सरकार 10 साल की नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि तेलंगाना की तरह वहां भी एंटी इन्कम्बैंसी हो सकती है। ध्यान रहे आसपास के दो राज्यों में छह महीने के अंदर में सत्ता परिवर्तन हुआ है। पहले कर्नाटक में भाजपा को हरा कर कांग्रेस जीती और फिर तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को हरा कर कांग्रेस ने सरकार बनाई है। अब सबकी नजर आंध्र प्रदेश पर है, जहां कांग्रेस 10 साल से सत्ता से बाहर है। आंध्र प्रदेश का विभाजन करने के बाद कांग्रेस शून्य पर आ गई। पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को सिर्फ सवा फीसदी वोट मिले थे। गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ ही विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और कांग्रेस इस भरोसे में है कि मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला उसके साथ जुड़ कर कांग्रेस को फायदा पहुंचाएंगी। तभी यह सवाल है कि कर्नाटक और तेलंगाना के बाद कांग्रेस के प्रति जो धारणा बदली है उसका फायदा उसको मिल पाएगा। या मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा रही तेलुगू देशम पार्टी को फायदा होगा। ध्यान रहे आंध्र प्रदेश का बंटवारा करके अलग राज्य बनाने के नाम पर कांग्रेस ने तेलंगाना में इस बार प्रचार किया था और चुनाव जीती। इसलिए संभव है कि तेलंगाना में जिस मुद्दे पर फायदा मिला, आंध्र प्रदेश में उसका नुकसान हो क्योंकि आंध्र के लोग राज्य के विभाजन से नाराज थे। उनकी नाराजगी अभी दूर नहीं हुई है। दूसरी ओर तेलुगू देशम पार्टी ने लगातार जगन मोहन रेड्डी सरकार के खिलाफ अभियान चलाया है। जगन इतने परेशान थे कि उन्होंने पिछले दिनों एक पुराने मुकदमे में चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार कराया। इसके अलावा टीडीपी के साथ एक फायदे वाली बात यह है कि मशहूर तेलुगू फिल्म स्टार पवन कल्याण की जन सेना पार्टी ने टीडीपी से तालमेल कर लिया है और संभव है कि चुनाव आते आते भाजपा भी तालमेल करे।

ममता की चुनौती सबसे बड़ी है

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी की मुश्किलें बाकी क्षत्रपों से अलग हैं। हिंदी पट्टी के राज्यों में भाजपा हमेशा एक बड़ी ताकत रही है लेकिन पश्चिम बंगाल में भाजपा का उभार नया नया है। वह 2016 के विधानसभा चुनाव तक बिल्कुल हाशिए की पार्टी थी। सिर्फ दो-चार सीट जीतने वाली पार्टी। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 18 सीटें जीतीं और फिर 2021 के विधानसभा चुनाव में वह 77 सीटों पर जीत गई। कांग्रेस और लेफ्ट दोनों साफ हो गए। हालांकि 2021 के विधानसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों के बहुत जोर लगाने के बावजूद भाजपा 77 सीट ही जीत पाई इसलिए ममता बनर्जी को लग रहा है कि आमने-सामने के मुकाबले में वे भाजपा का रथ रोक देंगी। लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा के साथ मोमेंटम है। उसने पश्चिम बंगाल में अभी जीतना शुरू किया है और उसका वोट आधार मजबूत हुआ है। पश्चिम बंगाल में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को करीब 41 फीसदी से कुछ ज्यादा वोट मिले थे और 18 सीटें मिली थीं। 2021 के विधानसभा चुनाव में जब ममता ने अस्मिता का दांव खूब खुल कर खेला और मोदी, शाह को बाहरी बता कर चुनाव लड़ा तब भी भाजपा को 38 फीसदी वोट मिले। यानी लोकसभा से सिर्फ दो फीसदी कम हुआ। इस तरह उसका वोट उसके साथ बना रहा। अगर बंगाल की जनसंख्या संरचना देखें तो वहां 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है। हिंदू आबादी 70 फीसदी है।

जाहिर है मुस्लिम वोट भाजपा को नहीं मिलता है। सो, भाजपा को लोकसभा में करीब 41 फीसदी वोट मिलने का मतलब है कि 60 फीसदी हिंदुओं ने उसको वोट दिया। विधानसभा चुनाव में भी 55 फीसदी के करीब हिंदू वोट भाजपा को मिला। यह सामान्य से अधिक हिंदू ध्रुवीकरण का संकेत है। पूरे देश में भाजपा को औसतन 40 से 45 फीसदी हिंदू वोट मिलते हैं। लेकिन बंगाल में यह 55 से 60 फीसदी है। इसका मतलब है कि राज्य की 30 फीसदी मुस्लिम आबादी की प्रतिक्रिया में हिंदू ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में हो रहा है। अगले चुनाव में इस स्तर का या इससे ज्यादा हिंदू ध्रुवीकरण नहीं होगा, यह मानने की कोई तार्किक वजह नहीं दिखती है। भाजपा ने पहले से ज्यादा आक्रामक तरीके से हिंदू-मुस्लिम का नैरेटिव बनाया है।

तस्वीरों की दुनिया

मुंबई के मलाड में आगामी क्रिसमस उत्सव की तैयारी करते हुए एक मज़दूर सड़क के बीच में स्थित 48 फुट के क्रिसमस ट्री को सजाता हुआ।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की।

पूर्व भाजपा नेता उदय शंकर हजारिका गुवाहाटी में राजीव भवन में एक समारोह के दौरान एआईसीसी महासचिव और असम के प्रभारी जितेंद्र सिंह, असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोराहंद और अन्य की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए।

बरती में संसद खेल महाकुंभ 3.0 के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

देश में कोविड-19 उप-संरकरण जेएन.1 के मामले सामने आने के बाद एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा बेंगलुरु में कोविड मेडिकल सेंटर स्थापित किया गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा का गोरखपुर आगमन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया।

नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के बीच सांसदों के निलंबन को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान अन्य विपक्षी नेताओं के साथ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी।

वसूली के लिए विद्युत मंडल ने की सख्ती, 36 ट्रांसफार्मर 35 से 40 लाख रुपए की बकाया राशि होने पर बंद किए

आष्टा, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

विधानसभा चुनाव में वोट प्राप्त करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिजली के बिल स्थगित किए थे, लेकिन जैसे ही चुनाव संपन्न हुए और सरकार के पास अपने अधिकारी-कर्मचारीयों को वेतन देने के लाले पड़े तो विद्युत मंडल ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बकायादारों पर वसूली करने के लिए कड़ा रूख अपनाया है।एक तरफ जहां किसानों की विद्युत मोटर व अन्य सामान जब्त किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 36 ट्रांसफार्मर उन ग्रामों के उतारे गए हैं, जहां पर 35 से 40 लाख रुपए उपभोक्ताओं पर बकाया था। भगवानपुरा ग्राम में डेढ़ लाख रुपए से अधिक की बकाया राशि होने पर किसान की विद्युत मोटर भी जब्त की गई है। विद्युत मंडल के उपमहाप्रबंधक अजय कुमार वाधवानी, कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू अधीनस्थों को लेकर अपने कार्यालय से निकलकर बकायादारों के द्वार पर पहुंचे हैं तथा परेशानी से बचने के लिए बकाया राशि जमा करने के लिए उपभोक्ताओं से कहा है।विद्युत मंडल ने आज जो सख्त कदम बकायादारों के ट्रांसफार्मर बंद करने का उठाया है उसमें जावर, मेहतवाड़ा, बागेर, हकीमाबाद, सिद्धिकगंज प्रमुख ग्राम है। उप महाप्रबंधक वाधवानी ने को बताया कि ग्राम बागेर, सिद्धिकगंज, हकीमाबाद, जावर, मेहतवाड़ा में उन ट्रांसफार्मरों को बंद किया गया है जिन पर 35 से 40 लाख रुपए उपभोक्ताओं पर बकाया था।इन उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा करने के लिए पहले सूचना भी दी गई, लेकिन उपभोक्ताओं द्वारा कोई ध्यान नहीं देने पर यह कदम उठाना पड़ा। कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू ने बताया कि ग्राम भगवानपुरा निवासी रमेश माली पर एक लाख 57 हजार रुपए बिजिलेंस वसूली के थे, राशि जमा ना करने पर विद्युत मोटर जब्त की गई है। 36 गांवों में ट्रांसफार्मर बंद किए, 36 गांवों की खेती की बिजली बंद कीक्षेत्र में गेहूं की फसल बढ़वार पर है। गेहूं को अभी तीन बार सिंचाई की जरूरत है। इस बीच बिजली कंपनी ने बकाया वसूलने के लिए किसानों के खेतों पर लगे ट्रांसफार्मर बंद करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।36 गांवों में ट्रांसफार्मर बंद कर दिए हैं और इन गांवों की खेती की बिजली सप्लाई बंद कर दी है।

बिजली कंपनी की इस कार्रवाई पर इसलिए सवाल खड़े हो गए हैं क्योंकि इसे विधान सभा चुनाव के बाद शुरू किया है। हम बिजली कंपनी की कार्रवाई के खिलाफ नहीं है, लेकिन किसानों ने इस कार्रवाई की टाइमिंग को भेदभाव से प्रेरित बताया है। इधर, किसानों की गेहूं की फसल सूखने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि कनेक्शन काटने व ट्रांसफार्मर उतारने का काम फरवरी तक रोका जाए। बिजली कंपनी ने आष्ठा में 100 प्रतिशत बकाया वाले ट्रांसफार्मर बंद की सूची तैयार कर ली है। 36 गांवों में कृषि पंपों की बिजली सप्लाई 11 केवी लाइन से बंद कर दी गई है।

आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में जल्द तैनात होंगे 601 नए चिकित्साधिकारी, हर जिले में भेजे जाएंगे पांच से 10 अधिकारी

लखनऊ। आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में चिकित्साधिकारियों की कमी जल्द दूर होगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 601 नए चिकित्साधिकारियों के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। अब आयुर्वेद निदेशालय जल्द इनकी तैनाती की प्रक्रिया में जुट गया है। सभी जिलों से ऐसे अस्पतालों का ब्योरा मांगा गया है, जहां एक भी नियमित चिकित्साधिकारी नहीं हैं। दूसरे नंबर पर ऐसे अस्पताल जहां सिर्फ एक चिकित्साधिकारी है, वहां नव नियुक्त अभ्यर्थियों को तैनाती दी जाएगी। सभी जिलों में जरूरत के अनुसार पांच से 10 चिकित्साधिकारियों को तैनात करने की योजना बनाई जा रही है। फिलहाल सभी जिलों में अस्पतालों के सापेक्ष कहां कितने चिकित्साधिकारियों के पद खाली हैं, इसका विस्तृत ब्योरा मांगा गया है। अगले महीने कार्यक्रम आयोजित कर इन्हें नियुक्ति पत्र वितरित करने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश में कुल 2,300 आयुर्वेदिक चिकित्सालय हैं। यहां चिकित्साधिकारियों के ढाई हजार से अधिक पद हैं और इसमें से लगभग एक हजार खाली चल रहे हैं। हर वर्ष इन सभी अस्पतालों में ढाई करोड़ से अधिक रोगी अपना उपचार कराने आते हैं।

मौसम की खराबी से नहीं बल्कि इन कारणों से अधिक लेट हो रही हैं फ्लाइट, यात्रियों ने किया हंगामा

भोपाल, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

दिसंबर माह में आमतौर पर मौसम खराब होने के कारण सुबह की उड़ानें या तो निरस्त होती हैं या फिर लेट पहुंचती हैं लेकिन इस बार मौसम की खराबी से कम, आपरेशनल कारणों से उड़ानें लेट हो रही हैं। इंडिगो की इवनिंग मुंबई उड़ान सबसे अधिक बार लेट हुई है। इस उड़ान को दो बार निरस्त भी किया गया है। ऐसे में यात्रियों को परेशान होना पड़ा है। तीन दिन पहले इवनिंग मुंबई उड़ान को अचानक निरस्त कर दिया गया इससे भोपाल आने वाले यात्री तो परेशान हुई ही, भोपाल से मुंबई जाने वालों को भी परेशान होना पड़ा था।वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। यह उड़ान पिछले 15 दिन में करीब 10 दिन देर से पहुंची है। बुधवार को इवनिंग उड़ान संख्या 6-ई 397 मुंबई से करीब तीन घंटे की देरी से रात्रि 12 बजे हुई। एयर इंडिया की दिल्ली उड़ान भी ढाई घंटे की देरी से पहुंची। यात्री परेशान होते रहे। क्या होता है आपरेशन कारण एयरलाइंस कंपनियां उड़ान लेट होने पर यात्रियों को सूचित करती हैं किआपरेशन रीजन से उड़ान निरस्त की गई है या लेट हुई है।दरअसल तकनीकी खराबी, लैंडिंग में परेशानी, चालक दल की ड्यूटी बदलने में विलंब सहित तमाम कारणों से उड़ानें लेट होती हैं। कंपनियां ऐसी परेशानी बताने के बजाय कहती हैं किआपरेशनल रीजन से उड़ान देर से आ रही है। यह कारण यात्रियों की परेशी का कारण बन रहा है।यही कारण है किकई बार हंगामे की स्थिति निर्मित हो जाती है। वर्जन- कंपनियों को स्थिति स्पष्ट करना चाहिए एयरलाइंस कंपनियों को उड़ान लेट होने कारण स्पष्ट करना चाहिए। अपनी परेशानी यात्रियों पर थोपने से उन्हें परेशानी होती है। कई बार देर रात को मुंबई अकेले जाने में ही डर लगता है। उड़ान निरस्त होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए। आपरेशनल रीजन बताकर कंपनियां अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकतीं।

एयर इंडिया के विमान में आग लगने की चेतावनी, फिर इस कारण रूट हुआ डायवर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के एक विमान के एक इंजन में आग लगने का संकेत मिला, लेकिन निरीक्षण में सबकुछ ठीक रहा। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाले एआई 814 ने अपने एक इंजन में आग की चेतावनी का संकेत देखा। एहतियातन इमरजेंसी घोषित कर हवाई यातायात नियंत्रण को सूचित किया गया।

डिप्टी कमिश्नर जावेद अहमद खान की मुश्किलें बड़ी! फर्जी गन लाइसेंस केस में CBI ने कसा शिकंजा

जम्मू, 21 दिसम्बर एजेंसी।

फर्जी गन लाइसेंस केस में सीबीआई की विशेष अदालत ने राजौरी के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर फकीर चंद, शोपियां के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर जावेद अहमद खान तथा प्रमोद कुमार पर आरोप तय किए है। सीबीआई केस के मुताबिक बीएसएफ के तत्कालीन एडिशनल डीजी केके शर्मा की शिकायत पर सितंबर 2017 में एफआइआर दर्ज की।आरोप था कि मैसर्स नव दुर्गा गन हाउस मन्हास मार्केट फ्लॉड़ा जम्मू के मालिक प्रमोद कुमार शर्मा, कमांडेंट सुखविंद्र सिंह, राजौरी के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर फकीर चंद व शोपियां के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर जावेद अहमद खान ने एक साजिश के तहत फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गन लाइसेंस जारी किए।केस के मुताबिक प्रमोद कुमार पहले बीएसएफ में कांस्टेबल था और कमांडेंट सुखविंद सिंह ने 2013 में प्रमोद कुमार की नव दुर्गा गन हाउस जम्मू के मालिक से मुलाकात कराई और उन्होंने लाभार्थियों से 12 हजार रुपये में एक गन लाइसेंस जारी करवाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया। प्रमोद कुमार ने राजौरी के डिप्टी कमिश्नर के साथ मिलकर साजिश रची और गन लाइसेंस जारी कराए।

डीसी ने बिना दस्तावेजों की जांच करवाए और नियमों को अनदेखा करके अप्रैल 2013 से नवंबर 2013 के बीच यह लाइसेंस जारी किए। इसी प्रकार प्रमोद कुमार ने शोपियां के डीसी से भी संपर्क किया और वहां भी साजिश के तहत फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गन लाइसेंस जारी कराए।राजौरी के डीसी ने ऐसे दस लाइसेंस जारी किए जबकि शोपियां के डीसी ने ऐसे दो लाइसेंस जारी किए।

बिहार में लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज, नीतीश ने कहा- केंद्र में बदलाव के संकल्प के साथ अपने क्षेत्रों में जाएं सांसद

पटना, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू के लोकसभा सदस्यों से कहा है कि अगले साल केंद्र की सत्ता में बदलाव के लक्ष्य के साथ वे सब अपने क्षेत्र में जाएं। चुनाव की तैयारी करें। वे बुधवार को नई दिल्ली के कामराज लेन स्थित आवास पर जदयू के लोकसभा सदस्यों से बातचीत कर रहे थे।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह की अगुवाई में इन सांसदों ने नीतीश से मिलने की इच्छा जाहिर की थी। उन्हें चार बजे का समय मिला। करीब डेढ़ घंटे तक मुख्यमंत्री ने अपने सांसदों से बातचीत की। इस दौरान जल संसाधन मंत्री संजय झा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सांसदों के संसद से निलंबन पर चिंता प्रकट की।

कहा कि यह लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि वह अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताएं। अगर समस्याएं राज्य सरकार से जुड़ी हैं तो उनका विवरण दें। सरकार तत्काल समाधान की दिशा में पहल करेगी। उन्होंने सभी सांसदों से बारी-बारी से उनके क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कटिहार के सांसद दुलालचंद गोस्वामी ने उन्हें बताया कि गंगा नदी का कटाव उनके क्षेत्र की बड़ी समस्या है। राज्य सरकार अपने स्तर से प्रयास भी कर रही है।

प्रयास तेज करने की जरूरत है। जहानाबाद के जदयू सांसद चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि जहानाबाद में रेल लाइन के ऊपर ट्राइ जंक्शन की जरूरत है। ताकि विना जाम का सामना किए आम लोग गया और अरवल की तरफ जा सकें। उन्होंने कहा यह मांग पुरानी है। सिवान की जदयू सांसद कविता देवी ने भी रेलवे ढाला (गुमटी) पर ओवर ब्रिज बनान की मांग की। ओवरब्रिज न रहने के कारण होने वाली कठिनाइयों का जिक्र किया। झंझारपुर के सांसद रामप्रीत मंडल ने अपने संसदीय क्षेत्र के खुटौना में पहले से स्वीकृत अस्पताल को चालू करने की मांग की।

केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, कल करेगी राजभवन का घेराव

देहरादून, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

लोकसभा एवं राज्यसभा से विपक्षी दलों के 142 सांसदों के निलंबन के विरोध में कांग्रेस 22 दिसंबर को प्रदेश के सभी जिला एवं महानगर मुख्यालयों में प्रदर्शन करेगी। राजधानी देहरादून में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कार्यकर्ता राजभवन का घेराव करेंगे। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर यह कार्यक्रम होगा।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष को सही राह दिखाने के लिए विपक्ष होता है। विपक्ष की आवाज को सदन में सुना जाता है, लेकिन आज भाजपा हिटलरशाही से देश की संसद को चलाना चाहती है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल इसके विरोध में सड़कों पर उतरेंगे। प्रदेश मुख्यालय में 22 दिसंबर को राजभवन घेराव में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे।

गाजा में जंग रोकने के प्रस्ताव पर NSC में फिर टला मतदान, इजरायल को युद्धविराम शब्द से ऐतराज

संयुक्त राष्ट्र, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

इजरायल-हमास युद्ध को रोकने के लिए विलंबित प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मतदान बुधवार को फिर से स्थगित कर दिया गया क्योंकि सदस्यों के बीच शब्दों को लेकर विवाद हो गया।

दूसरी ओर गाजा में मौत की संख्या लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के मैनहट्टन मुख्यालय में गाजा के बिगड़ते हालातों पर बहस हुई, इस दौरान संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गाजा में सहायता की अनुमति देने के लिए इजरायल के कदम वहां की जरूरत से बहुत कम थे। परिषद के रोटेटिंग अध्यक्ष ने कहा कि, सुरक्षा परिषद कूटनीति के लिए अतिरिक्त समय की अनुमति देने के लिए आज बातचीत जारी रखने पर सहमत हो गई है और कल इस पर चर्चा होगी। परिषद के सदस्य प्रस्ताव पर आम सहमति के लिए कई दिनों से संघर्ष कर रहे हैं, जिस पर मतदान सोमवार को स्थगित होने के बाद पूरे मंगलवार को कई बार आगे बढ़ाया गया। इजरायल ने प्रस्ताव में युद्धविराम शब्द के उपयोग का विरोध किया है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई युद्धविराम नहीं होगावहीं रूस और अरब लीग ने मोरक्को में रूसी-अरब सहयोग मंच का उपयोग करते हुए युद्धविराम का आह्वान किया और लड़ाई को बंद करने के लिए इजरायल पर राजनयिक दबाव बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि दो महीने से जारी इजरायली हमले में फलस्तीनी क्षेत्र में मरने वालों की संख्या 20,000 तक पहुंच गई है।

वीके सक्सेना ने इसलिए लौटा दी दिल्ली जल बोर्ड के सीएजी आडिट की फाइल, मामले की जांच के दिए आदेश

नईदिल्ली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

जल बोर्ड के पिछले 15 वर्षों के कामकाज के सीएजी आडिट की फाइल एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार को वापस लौटा दी है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने जल बोर्ड (डीजेबी) में पिछले 15 साल के सीएजी आडिट का आदेश दिया था।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एलजी की ओर से कहा है कि वित्त वर्ष 2017-18 तक आडिट हो चुका है लेकिन इसे विधानसभा में पेश नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक एलजी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कहा है कि वे 2018-19 से जल्द आडिट कराएं और निश्चित समय सीमा के भीतर एक्शन लें। एलजी की ओर से फाइल लौटाए जाने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। वहीं एलजी सचिवालय ने भी इस पर तत्काल कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। जल बोर्ड में भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच केजरीवाल ने जल बोर्ड के पिछले 15 साल (2008 तक) का सीएजी आडिट कराने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। यदि गड़बड़ी पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि जलमंत्री आतिशी ने सीएम के जरिए प्रस्ताव एलजी वीके सक्सेना को भेजा था। एलजी ने फाइल पर लिखा कि जल बोर्ड के खातों की 2017-18 तक सीएजी आडिट हो चुका है और जलमंत्री, शहरी विकास मंत्री व मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी होनी चाहिए थी। एलजी ने इस बात पर हैरानी जताई कि बिना फैक्ट चेक या बेसिक होमवर्क किए यह प्रस्ताव भेज दिया गया। सूत्रों के मुताबिक एलजी ने पिछली रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सीएजी ने गंभीर टिप्पणियां की थीं और अनियमितताओं को रेखांकित किया था। गौरतलब है कि हाल के दिनों में भाजपा ने अरविंद केजरीवाल सरकार को घेरते हुए दिल्ली जलबोर्ड में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। जल बोर्ड में फंड की कमी के बीच सरकार ने ऑडिट का आदेश दे दिया था।

घर में घुसकर युवक की गर्दन पर युवती ने ब्लेड से किया हमला, केस दर्ज

जींद। गांव पिंडारा में एक युवक पर घर में घुसकर गर्दन पर ब्लैड से हमला कर घायल करने के आरोप में पुलिस ने एक युवती के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव पिंडारा निवासी संगम ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। कुछ समय पहले उसके पास रोशनी नाम की लड़की आई थी और एक दिन उनके घर पर रहकर गई थी। उसके बाद वह युवती चली गई थी। 19 दिसंबर दोपहर बाद वह घर पर बैठा हुआ था। इसी दौरान युवती रोशनी आई और आते ही उसके गर्दन पर ब्लैड मार दिया। ब्लैड मारते ही युवती वहां से भाग गई। ब्लैड लगने से वह बैड पर ही गिर गया। थोड़ी देर के बाद मेरा भाई योगेश वहां पर पहुंच गया और उसको नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। उसने आरोप लगाया कि युवती रोशनी ने उस पर ब्लैड से हमला करके घायल किया है। उसने बताया कि रोशनी दूसरे प्रदेश की रहने वाली है और वह उसका पता नहीं जानता है। वह केवल युवती का नाम ही जानता है। पुलिस ने रोशनी नाम की युवती के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कोलोराडो कोर्ट के फैसले पर जो बाइडन बोले- कोई दोराय नहीं कि ट्रम्प ने कैपिटल हिल हिंसा के लिए भीड़ को उकसाया

वाशिंगटन, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति बनने का सपना संजोए डोनाल्ड ट्रम्प को मंगलवार (19 दिसंबर) को बड़ा झटका लगा गया। कोलोराडो की सर्वोच्च अदालत ने आदेश दिया कि डोनाल्ड ट्रम्प ने यूएस कैपिटल हिल पर 6 जनवरी 2021 के हमले को उकसाया है, जिसकी वजह से वो आगामी राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ सकते।

कोलोराडो की सर्वोच्च अदालत के फैसले पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इसमें कोई दोराय नहीं है कि ट्रम्प ने जनवरी 2021 को भीड़ द्वारा कैपिटल हिल पर हिंसक घटनाओं को उकसाया है। बाइडन ने मंगलवार को वाशिंगटन के पास एक अभियान समारोह में कहा, ट्रंप ने हमारे लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा पैदा किया है। क्योंकि अगर हम हारते हैं, तो हम सब कुछ खो देते हैं।

6 जनवरी, 2021 को राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की हार के बाद उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल हिल का घेराव कर दिया था। डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थकों ने गोलीबारी और तोड़फोड़ की थी। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के अभियान ने कहा है कि वह कोलोराडो फैसले के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। हालांकि, अगर सुप्रीम कोर्ट कोलोराडो की अदालत के फैसले को बरकरार रखता है तो डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर हो जाएंगे।

पंजाब में गैंगस्टर अमरी पुलिस मुठभेड़ में ढेर विदेशी पिस्टल समेत 30 जिंदा कारतूस बरामद

जंडियाला गुरु । पुलिस ने जंडियाला गुरु के निकट गांव धारड़ में मुठभेड़ में गैंगस्टर अमृतपाल सिंह उर्फ अमरी उर्फ लैंबर को मार गिराया। अमरी को पुलिस ने मंगलवार रात एक मामले में गिरफ्तार किया था और प्रारंभिक पूछताछ के बाद दो किलो हेरोइन और एक पिस्टल बरामद करने के लिए उसे साथ ले गई थी। वहां हेरोइन के साथ दबाकर रखी गई पिस्तौल निकालकर हथकड़ी लगे होने के बावजूद उसने पुलिस पर फायर कर दिए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें उसकी मौत हो गई।

पूर्व कानून मंत्री अश्विनी कुमार बोले- राज्यसभा सभापति का मजाक उड़ाना सही नहीं, सांसदों का निलंबन भी अनुचित

नईदिल्ली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

संसद परिसर में कुछ दिनों पहले टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाया गया। इस मामले पर भाजपा ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वहीं, संसद सुरक्षा उल्लंघन की घटना के बारे में केंद्रीय मंत्री अमित शाह से बयान की मांग करते हुए हंगामा करने और दोनों सदनों की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए अब तक कुल 143 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा से 97 सांसद और राज्यसभा से 46 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। सांसदों के निलंबन और विपक्षी नेताओं द्वारा राज्यसभा के सभापति के मजाक उड़ाए जाने पर

पूर्व कानून और न्याय मंत्री अश्विनी कुमार ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति की नकल संवैधानिक पद की गरिमा को कम करती है।

हालांकि, संसद से सांसदों का निलंबन अनुचित है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति की मिमिक्री पर बोलते हुए अश्विनी कुमार ने कहा, मिमिक्री कभी एक कला का रूप ले लेती है तो कभी दूसरा रूप ले लेती है। अगर इस मिमिक्री से उपराष्ट्रपति को ठेस पहुंची है तो ये उनका अपना अनुभव है। लेकिन मुख्य बात मुद्दा यह नहीं है, मुद्दा यह है कि क्या हम इसके लिए संसद सदस्यों को निलंबित कर सकते हैं। मेरा मानना है कि यह अनुचित है। समाचार एजेंसी से बात करते हुए अश्विनी कुमार ने कहा, मेरा मानना है कि उपराष्ट्रपति को लेकर जिस तरह की मिमिक्री की गई है वो नहीं होनी चाहिए थी। इससे उपराष्ट्रपति पद की प्रतिष्ठा कम होती है और अगर किसी संवैधानिक पद की प्रतिष्ठा कम होती है तो आप मान सकते हैं कि हमारे संविधान का लोकतंत्र प्रभावित हुआ है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा करने पर विपक्षी सांसदों पर कार्रवाई की गई है। लोकसभा और राज्यसभा से निलंबन को लेकर विपक्षी सदस्य संसद परिसर मकर द्वार पर में विरोध जता रहे थे। इस दौरान टीएमसी सांसद ने राज्यसभा के सभापति को मिमिक्री की।

वामिका गब्बी ने वरुण धवन के साथ वीडी18 की शूटिंग शुरू की

अभिनेत्री वामीका गब्बी ने 2024 की तैयारी एक शानदार शुरुआत से की है, उन्होंने वीडी18 की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें 2023 के सबसे सफल फिल्म निर्माता एटली द्वारा निर्मित और मुराद खेतानी द्वारा सह-निर्मित प्रोजैक्ट में वरुण धवन और कीर्ति सुरेश के साथ अभिनय करते नज़र आयेंगी। वीडी18 का निर्देशन तमिल उस्ताद कलीस ने किया है, जिसने आगामी वर्ष में अपनी रिलीज़ की योजना के साथ पहले से ही सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर उत्साह और चर्चा का माहौल बना दिया है। वामिका, जो वर्तमान में अपनी शूटिंग प्रतिबद्धताओं के लिए मुंबई और कोच्चि के सुंदर परिदृश्यों के बीच अपने व्यस्त करियर के हर पल का आनंद ले रही है। एक बयान में, वामीका गब्बी ने साझा किया, वीडी18 का हिस्सा बनना मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव है। एटली सर के दूरदर्शी निर्देशन में वरुण धवन और कीर्ति सुरेश जैसी असाधारण प्रतिभाओं के साथ जुड़ना एक रचनात्मक यात्रा है जिसे देखने के लिए मैं उत्सुक हूं। मैं हमेशा 2023 का आभारी रहूंगी, यह वह वर्ष है जो मेरे जीवन में नई शुरुआत की ओर ले गया है। और अब मेरे अगले सेट पर होने के साथ वर्ष का अंत करना वास्तव में नए वर्ष के लिए शुभ है। यह ऐसे क्षण हैं जो मुझे याद दिलाते हैं की मैं जो करती हूं वह मुझे पसंद है और स्क्रीन पर हम जो जादू पैदा कर रहे हैं उसे देखने के लिए दर्शकों का इंतज़ार नहीं कर सकती।

सर्दियों में इस तेल से करें शिशु की मालिश, शरीर रहेगा गर्म

दादी-नानी को आप ने करते सुना होगा कि मालिश से शरीर मजबूत बनता है और बच्चे का विकास अच्छी तरह से होता है. ऐसे में लोग शिशु का मालिश करना शुरू कर देते हैं लेकिन आपको मौसम के हिसाब से बच्चे की मालिश करने के लिए तेल चुनना चाहिए. आइए जानते हैं की ठंड में कौन सा तेल शिशु के लिए फायदेमंद होगा. सर्दियों के मौसम में बच्चों का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी हो जाता है. ठंड की वजह से बच्चों का शरीर कमजोर हो सकता है और वे आसानी से बीमार भी पड़ सकते हैं. ऐसे में माता-पिता को ऐसा तेल चुनना चाहिए जिसमें विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे गुण हों, जो बच्चों के शरीर को अंदर से गर्म रख सकें. इन तेलों से रोजाना मालिश से बच्चों की त्वचा भी मुलायम और स्वस्थ बनी रहे.आइए जानते हैं सर्दियों में बच्चों का मालिश किन तेलों से करें.

सरसों का तेल

सर्दियों के मौसम में सरसों का तेल बहुत फायदेमंद होता है. इसमें विटामिन ई, विटामिन ए और ओमेगा 3 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो हमारे शरीर को अंदर से गर्म रखने में मदद करका है. सर्दियों में सरसों के तेल से नियमित रूप से मालिश करने से हमारी त्वचा गर्म, मुलायम और नरम बनी रहती है. यह हमारे शरीर को हाइड्रेट भी रखता है जिससे सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं. इसके अलावा, यह जोड़ों के दर्द से भी राहत दिलाता है.इसलिए, सर्दियों में सरसों का तेल शरीर बच्चों के मालिश के लिए एक अच्छा ऑप्शन है.

जैतून का तेल

जैतून का तेल बच्चों के मालिश के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है. जैतून के तेल मे बहुत सारे एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो हमारी त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है. साथ ही इसमें विटामिन ई और विटामिन ए की भरपूर मात्रा होती है जो हमारे शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं. सर्दियों में जैतून का तेल स्किन और हेयर दोनों के लिए बहुत फायदेमंद है. इस तेल से नियमित मालिश करने से त्वचा मुलायम,चमकदार और हाइड्रेटेड रहती है.

बादाम का तेल

बादाम का तेल बच्चों की मालिश के लिए सर्दियों में बेहद फायदेमंद साबित होता है. बादाम के तेल में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं. ये गुण बच्चों की त्वचा को नरम और मुलायम बनाए रखने में मदद करते हैं.साथ ही, बादाम के तेल से मालिश करने से बच्चों का शरीर अंदर से गर्म रहता है.

मौनी रॉय ने व्हाइट बिकिनी में मारे किलर पोज, वायरल हुई लेटेस्ट फोटोज

टीवी सीरियल अभिनेत्री मौनी रॉय अपनी बोल्डनेस से फैंस के दिलों की घंटी बजा देती हैं। अदाकारा इन दिनों अपने एडल्ट शो टेंपटेशन आयरलैंड को लेकर सुर्खियों में हैं। जहां एक्ट्रेस की बोल्ड इमेज खूब चर्चा बटोरती है। अदाकारा मौनी रॉय ने अब हाल ही में व्हाइट बिकिनी में अपनी बोल्ड बिकिनी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं। ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही छा गईं। यहां देखें सामने आईं अदाकारा की बोल्ड बिकिनी फोटोज। टीवी सीरियल अदाकारा मौनी रॉय ने हाल ही में पूल में उतरकर बोल्ड तस्वीरें क्लिक करवाईं। अदाकारा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही छा गईं। सामने आईं इन तस्वीरों में अदाकारा मौनी रॉय पूल में उतरकर नॉटी अंदाज में तस्वीरें क्लिक करवाती दिखीं। मौनी रॉय ने व्हाइट बिकिनी में किलर पोज तस्वीरें क्लिक करवाईं। अदाकारा की ये तस्वीरें फैंस के बीच आते ही छा गईं। मौनी रॉय ने ऑरेंज टायर पकड़कर तस्वीरें क्लिक करवाईं। ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही छाने लगीं। मौनी रॉय की ये तस्वीरें देख उनकी खूबसूरती की तारीफें करते दिखे। अदाकारा की इन तस्वीरों पर लोग जमकर कमेंट्स करते दिखे। अदाकारा मौनी रॉय ने पूल में उतरकर इस दौरान बोल्ड तस्वीरें क्लिक करवाईं। अदाकारा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही छा गईं। मौनी रॉय ने पूल में उतरकर भीगे बदन कई सारी तस्वीरें क्लिक करवाईं। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही छा गईं।

चेहरे पर नेचुरल ब्लश के लिए मेकअप के बाद लगाएं इन फलों को

बाजार से खरीदे गए ब्लश में अक्सर कई प्रकार के केमिकल्स और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं, जिनसे हमारी स्किन पर बुरा असर पड़ता है. इन केमिकल्स की वजह से ब्लश लगाने पर स्किन पर एक परत लग जाती है, जिससे चेहरे का नैचुरल लुक खत्म हो जाता है.ये ब्लश स्किन पर चमक तो देते हैं, लेकिन उन्हें लगाने के बाद चेहरा बहुत ज्यादा मेकअप वाला लगने लगता है. इसके अलावा, इनमें नेचुरल कलर न होकर फ्लोरल पिंक, रेड या पीच जैसे बोल्ड कलर्स का इस्तेमाल किया जाता है जो स्किन पर बहुत ज्यादा नोटिसेबल हो जाते हैं. इसलिए, अगर आप चाहते हैं कि आपका मेकअप नैचुरल लगे तो बाजार के ब्लश की जगह घर पर बनाए गए नैचुरल ब्लश का इस्तेमाल करें. ये हलके रंग के होते हैं और स्किन को नुकसान नहीं पहुंचाते. आइए जानते हैं किन फलों का इस्तेमाल कर नेचुरल ब्लश बना सकते हैं..

चुकंदर का ब्लश

सभी जानते हैं कि चुकंदर खाना कितना फायदेमंद होता है. और इसे चेहरे पर लगाने से रंग निखर जाती है. गालों को हेल्दी और गुलाबी बनाने के लिए आप चुकंदर का ब्लश बनाकर इस्तेमाल कर सकते हैं. यह एक प्राकृतिक तरीका है जिससे गालों पर कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता. पुराने समय में महिलों मेकअप नहीं करती थी वह नेचुरल तरीके से अपना सौंदर्य को बढ़ती थी. चुकंदर का इस्तेमाल अपने गालों को लाल रंग देने के लिए करती थी. आइए यहां जानते हैं चुकंदर का ब्लश कैसे बनाएं.

* सबसे पहले चुकंदर को अच्छी तरह धोकर छीलिए
* इसको कद्दूकस करके पतली फलियों में काट लें और धूप में सुखा लें.
* जब चुकंदर मिक्सी के जार पीस लें जिससे की एक महीन पेस्ट तैयार हो जाए,
* अब इसमें थोड़ी सी ग्लिसरीन मिलाइए और अच्छी तरह मिला लीजिए.
* आपका नैचुरल ब्लश तैयार है, जिसे आप किसी छोटे कंटेनर में स्टोर कर सकते हैं.
* इस तरह घर पर बनाया गया ब्लश 100 प्रतिशत नैचुरल और केमिकल फ्री होता है साथ ही बेहद असरदार भी.
* चुकंदर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स त्वचा को निखारते हैं.
* इसके अलावा, चुकंदर से बना ब्लश लंबे समय तक चिपचिपा नहीं रहता.

गाजर का ब्लश

अगर आप अपने गालों पर हल्का सा पीची रंग चाहते हैं, तो गाजर से बना घरेलू नैचुरल ब्लश आपके लिए बिल्कुल सही होगा. इसे बनाना भी बेहद आसान है.यह 100 प्रतिशत नैचुरल और कैमिकल-फ्री ब्लश आपके गालों को नैचुरल ग्लो देगा.

* सबसे पहले नारंगी रंग की गाजर लें और इसे अच्छी तरह धो लें.
* अब गाजर को कद्दूकस करके पतली फलियों में काट लें और धूप में सुखा लें.
* सूखी हुई गाजर की फलियों को मिक्सी जार में डालकर अरारोट के साथ अच्छी तरह पीस लें.
* आपका गाजर का घरेलू नैचुरल ब्लश तैयार है, जिसे आप एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करके रख सकते हैं.

इंडियन सुपरहीरो के अवतार में तेजा सज्जा ने उड़ाए होश

तेजा सज्जा स्टारर तेलुगु सिनेमा की सुपरहीरो फिल्म हनुमान का टीजर रिलीज होने के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं अब मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर आज रिलीज कर दिया है. ट्रेलर बेहद दमदार है और इसे देखकर यकीन मानिए गौंगटे खड़े हो जाएंगे.इसमें पौराणिक कथाओं और कल्पना का मिश्रण दिखाया गया है. ट्रेलर की शुरुआत में तेजा सज्जा समुद्र की अथाह गहराइयों में नजर आते हैं. इसके बाद भगवान हनुमान का वर्णन करते हुए बैकग्राउंड साउंड आती है और फिर गदा लिए हनुमान जी की बड़ी सी प्रतिमा दिखती है और फिर तेजस जंगल में चीते से भी तेज दौड़ते हुए नजर आते हैं. एक के बाद एक ये सीन्स गौंगटे खड़े कर देने वाले हैं. इसके बाद तेजा जमीन पर अपना मुक्का मारते हैं और दुश्मन हवा में उड़ जाते हैं. ये सब देखकर गांववाले हनुमान का जयकारा लगाते हैं. फिर तेजा बड़ी सी चट्टान अपने हाथों में लिए नजर आते हैं जिसे देखकर गांववालों के होश उड़ जाते . फिर एक घटना घटती है और तेजस श्री राम का जयकारा लगाते हुए भगवान हनुमान जितने बलवान नजर आते हैं. ट्रेलर में काफी एक्शन भी देखने को मिला है. ओवरऑल फिल्म का ट्रेलर काफी जबरदस्त है. बैकग्राउंड में संस्कृत श्लोक इसे और शानदार बना रहे हैं. तेलुगू सुपरहीरो फिल्म हनुमान में तेजा सज्जा के अलावा विनय राय, अमृता अय्यर, वरलक्ष्मी सरथ कुमार, राज दीपक शेट्टी, वेनेला किशोर और कई अन्य कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है.हनुमान काल्पनिक गांव अंजनदारी पर बेस्ड है. इस फिल्म को प्रशांत वर्मा द्वारा निर्देशित किया गया है. यह फिल्म अपनी पहली किस्त के रूप में एक नया सिनेमैटिक यूनिवर्स बनने के लिए तैयार है. ये फिल्म अगले साल यानी 12 जनवरी 2024 को संक्रांति के अवसर पर रिलीज होगी.

विद्युत जामवाल की क्रैक का शानदार टीजर हुआ रिलीज

हैरतअंगेज स्पोर्ट्स स्टंट से भरपूर फिल्म

कमांडो, खुदा हाफीज और फोर्स जैसी फिल्मों में अपने एक्शन सींस से हैरान करने वाले विद्युत जामवाल एक बार फिर बड़े पर्दे पर मारधाड़ करते दिखाई देंगे। आगामी फिल्म क्रैक में विद्युत के धमाकेदार एक्शन की एक झलक दिखाई दी है। आदित्य दत्त के निर्देशन में बनी फिल्म क्रैक अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। विद्युत के एक्शन के दीवाने फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फाइनली फिल्म की एक झलक सामने आ गई है। जी हां, विद्युत ने सोशल मीडिया पर क्रैक का धांसू टीजर रिलीज किया है।

क्रैक के टीजर की शुरुआत ही एक्शन से होती है। प्लेन से नीचे कूदने वाला सीन हो या फिर दुश्मनों के साथ खतरनाक फाइटिंग, फिल्म का टीजर शानदार लग रहा है। फिल्म में डायलॉग भी दमदार है। विद्युत कहते दिखे, जिंदगी तो साला सबके साथ ही खेलती है, लेकिन असली प्लेयर वही है, जो जिंदगी के साथ खेले। डर नहीं, डेयरिंग से खेलता हूं और दिमाग से थोड़ा क्रैक हूं।

टीजर में अर्जुन रामपाल की भी झलक दिखाई गई। वह फिल्म में विद्युत जामवाल के दुश्मन के रूप में दिखाई दे सकते हैं। उनका खतरनाक लुक भी फैंस को पसंद आया। टीजर में वह डायलॉग बोलते नजर आए, इस गेम का सिर्फ एक रूल है, जो जीतेगी वो जिएगा। टीजर में नोरा फतेही भी नजर आईं। फिल्म में एमी जैक्सन भी मुख्य भूमिका में हैं, लेकिन वह वीडियो में दिखाई नहीं दीं। बता दें कि क्रैक अगले साल 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आदित्य दत्त ने डायरेक्शन के साथ-साथ फिल्म की कहानी भी लिखी है। नोरा फतेही की जगह पहले लीड रोल में जैकलीन फर्नांडिज थीं, लेकिन ऐन मौके पर वह फिल्म से बाहर हो गईं।

सूर्या की कंगुवा 38 भाषाओं में होगी रिलीज, ऐसा करने वाली पहली तमिल फिल्म

सिरुथाई शिवा के निर्देशन में बन रही फिल्म कंगुवा का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.इसमें दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता सूर्या मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में उनकी जोड़ी पहली बार दिशा पाटनी के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। वहीं, फैंस इस फिल्म के विलेन को लेकर एक्साइटेड हैं. फिल्म में लीड हीरो-हीरोइन का खुलासा पहले ही हो चुका है. इसमें विलेन का किरदार निभाने वाले एक्टर को लेकर फैंस के बीच हलचल है. रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं. बॉबी की फिल्म में मौजूदगी इसे पैन इंडिया बनाने में मदद करेगी. ताजा खबर यह है कि कंगुवा को लगभग 38 भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। कंगुवा के 3डी और आईमैक्स संस्करण भी सिनेमाघरों में रिलीज होगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। कंगुवा अगले साल रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।फिल्म में सूर्या कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसकी झलक सामने आए पोस्टर में साफ दिख रही है।इसमें भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता और कॉमेडियन योगी बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने कंगुवा की रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया है।

शब्द सामर्थ्य -279

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. अनुचित, अस्त्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्की-नींद, चकमा, थोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, चिरजीत 16. मूल्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तवात 13. अढ़ा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 278 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ		र	शिम
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		र्व		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

फाइटर के दूसरे गाने इश्क जैसा कुछ का पोस्टर हुआ जारी, ऋतिक और दीपिका का दिखेगा इंटेंस रोमांस

25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही 'फाइटर' में दीपिका पादुकोण, ऋतिक रोशन, करण सिंह ग्रोवर, अनिल कपूर और अक्षय ओबरॉय मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। हाल ही में मेकर्स ने सभी सितारों के किरदार से पर्दा उठाया था।

सिद्धार्थ आनंद निर्देशित एक्शन से भरपूर 'फाइटर' अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अभी तक फिल्म का ट्रेलर जारी नहीं किया गया है, लेकिन टीजर भर ने फैंस के बीच एक्साइटमेंट हाई लेवल पर कर दिया है। हाल ही में इस फिल्म का पहला गाना 'शेर खुल गए' को रिलीज किया गया था। अब नया गाना भी आउट होने के लिए एकदम तैयार है।

'फाइटर' का पहला गाना 'शेर खुल गए' एक पार्टी ट्रैक था, जिसमें ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने अपने शानदार डांस मूव्स से फैंस को थिरकने पर मजबूर कर दिया था। विशाल- शेखर, बेनी दयाल और शिल्पा राव की आवाज में गाया गया 'शेर खुल गए' के वायरल होने के बाद अब मेकर्स ने नया गाना भी जारी कर दिया है। आपको बता दें कि फिल्म 'फाइटर' का दूसरा गाना एक लव ट्रैक होगा, जिसमें ऋतिक और दीपिका का इंटेंस रोमांस देखने को मिल सकता है।

ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर 'इश्क जैसा कुछ' गाने की अनाउंसमेंट करते हुए एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में समंदर के किनारे दीपिका और ऋतिक की सिजलिंग केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। शर्टलेस ऋतिक और मोनोकिनी में दीपिका एक-दूसरे के इश्क में डूबे हुए दिखाई दे रहें हैं।

पोस्टर को शेयर करते हुए ऋतिक रोशन ने बताया कि गाना कब आउट होगा। वे गाना 22 दिसंबर 2023 को आउट किया जाएगा। आपको इस साल के बेहतरीन रोमांटिक गानों में से एक को सुनने के लिए दो दिनों का इंतजार करना पड़ेगा।

कॉफी विद करण 8 के नए मेहमान बनेंगे रोहित शेट्टी और अजय देवगन

करण जौहर का लोकप्रिय चैट शो कॉफी विद करण 8 अपने पहले एपिसोड से जबरदस्त चर्चा में है। पिछले एपिसोड में आदित्य रॉय कपूर और अर्जुन कपूर शो में दिलचस्प खुलासे करते नजर आए।अब आगामी एपिसोड के मेहमानों का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए बड़ी खुशखबरी है।दरअसल, निर्माता ने कॉफी विद करण 8 का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है। इस सप्ताह निर्देशक रोहित शेट्टी लोकप्रिय अभिनेता अजय देवगन के साथ नजर आएंगे। प्रोमो वीडियो में करण, निर्देशक और अभिनेता (रोहित और अजय) की इस सुपरहिट जोड़ी से ढेर सारी बातें करते नजर आ रहे हैं। करण ने इंस्टाग्राम पर कॉफी विद करण 8 का नया प्रोमो साझा किया है।

आरटीआई कार्यकर्ता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

चिरमिरी। आईटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर करने के कारण सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसका निराकरण करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 04 दिसंबर 2023 को आदेश किया है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय इस केस को फिर से सुने और उचित निर्णय करें।

आईटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा दिनांक 02 नवंबर 2016 को सूचना का अधिकार पर एक आवेदन प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ राज्य के राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से जानकारी मांगा था कि अब तक कितने प्रकरणों में तीन महीना से अधिक समय से अधिकारी कर्मचारी और नेताओं के विरुद्ध अभियोजन की स्वीकृति लंबित है, उन अधिकारी कर्मचारी नेताओं का नाम, पद नाम बताया जाए, आईटीआई कार्यकर्ता के इस पत्र पर छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के द्वारा एक पत्र दिया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के एक अधिसूचना दिनांक 02 नवंबर 2006 के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को सूचना के अधिकार पर जानकारी प्रदान करने से मुक्त रखा गया है. इस आधार पर राज्य के आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने जानकारी देने से मना कर दिया। छत्तीसगढ़ शासन के इस अधिसूचना को राजकुमार मिश्रा के द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने इस संबंध में माना की याचिकाकर्ता को जनहित याचिका के माध्यम से इस अधिसूचना को चुनौती देनी थी. छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि आईटीआई कार्यकर्ता जनहित याचिकाएं फाइल करने के लिए नए व्यक्ति नहीं है, इसलिए याचिकाकर्ता की याचिका को निरस्त कर दी गई. छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 22 नवंबर 2018 में छोटे आदेश के साथ याचिका निरस्त किया गया. आरटीआई कार्यकर्ता ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के इस आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दिया. सर्वोच्च न्यायालय ने इस विशेष अनुमति याचिका को विधिवत सुनवाई करते हुए 04 दिसंबर 2023 को आदेश पारित किया गया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय इस याचिका को पुन: सुने और उचित आदेश पारित करें। आईटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के इसी तरह के एक याचिका में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में सुनवाई की गई है और छत्तीसगढ़ राज्य के एंटी करप्शन ब्यूरो को सूचना के अधिकार से बाहर करने की अधिसूचना में आवश्यक संशोधन करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 24(4) के अंतर्गत रहते हुए भ्रष्टाचार और मानव अधिकारों के हनन से संबंधित सूचना प्रदान करने का निर्देश जारी किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा अधिसूचना में आवश्यक संशोधन कर जानकारी प्रदान करने का निर्देश जारी किया गया है। आईटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा का मानना है कि सूचना के अधिकार के संबंध में उनका यह सफलता है इसी तरह वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ते रहेंगे. छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में आरटीआई कार्यकर्ता ने स्वयं पैरवी किया है और जीत हासिल किया है।

हर घर जल जीवन मिशन की सुविधा देने की जिम्मेदारी ठेकेदारों की, कलेक्टर ने एजेंसी को चेताया

कोरिया बैकुंठपुर। जिला जल स्वच्छता मिशन जिला-कोरिया द्वारा आहूत जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में ठेकेदारों को बुलाया गया था। बैठक में जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाया जाना है। इसमें किसी भी तरह को कोताही नहीं बरती जाए।

श्री लंगेह ने जल जीवन मिशन कार्य को लेकर ठेकेदार व सम्बंधित अधिकारियों को समय- सीमा के भीतर हर घर जल पहुंचे, इस पर गम्भीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मिषन के तहत पाइप लाईन विस्तार, चबूतरा निर्माण, पानी टंकी, विषुत कनेक्षन, सोलर कनेक्षन, जल आपूर्ति हेतु रोड किनारे खुदे गये गढढो का समतलीकरण की पंचायतवार समीक्षा की। उन्होनें सभी निर्माण एजेंसियों को निर्माण कार्य एवं अधूरे कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देष दिये। उन्होनें संबधित अधिकारियों को निर्माण कार्यो का शतत् निरीक्षण करने के सख्त निर्देष दिये। गौरतलब है कि बैकुण्ठपुर विकासखण्ड व सोनहत विकास खण्ड के अंतर्गत अप्रैल 2023 तक 51 हजार 836 ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन हेतु पंजीयन किया गया था जिसमें से 34 हजार 777 घरों में नल कनेक्शन दिया गया है। इस तरह बैकुंठपुर विकासखंड में 63.09 प्रतिशत व सोनहत विकास खण्ड 79.66 प्रतिशत नल कनेक्शन दिया गया है। इस दौरान बैठक में उपस्थित ठेकेदारों ने कलेक्टर को फील्ड में होने वाले समस्याओं के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर ने शीघ्र की समस्या का निराकरण का आष्वासन दिया। बैठक में लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सी.बी.सिंह, क्रेडा विभाग के सहायक अभियंता सुजीत श्रीवास्तव, लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के सहायक अभियंता, उप अभियंता, जिला समन्वयक सहित ठेकेदार उपस्थित रहें।

जनदर्शन से मिली एक नई उम्मीद

कोरिया। जिले के मुखिया यानी कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विधानसभा निर्वाचन कार्य संपन्न होने के बाद आज पहली जनदर्शन का आयोजन कलेक्टर सभागार में किया गया था। पटना जनपद के गांव से छोटे बच्चों को लेकर कुछ महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आए हुए थे। कलेक्टर से इन महिलाओं से बात करते, उसके पहले कलेक्टर श्री लंगेह ने इन महिलाओं के लिए कुर्सी व्यवस्था करने का निर्देश दिए और महिलाओं को बैठने को बोलते ही, इनमें से एक महिला ने धीरे स्वर में कहा कि 'कलेक्टर साहब होकर इतने आत्मीयता के साथ बात करेंगे, बैठने बोलेंगे यह हम लोग नहीं सोचे थे।

किसानों से पूछे कोई पैसा तो नहीं मांग रहा है?

कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण

कोरिया बैकुंठपुर। कोरिया जिले के सभी धान केन्द्रों में बड़ी संख्या में धान बेचने वाले किसान पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के सोनहत एवं रजौली धान खरीदी केन्द्र पहुंचे। कलेक्टर ने इन धान केन्द्रों में किसानों से बातचीत कर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने धान बेचने आए कैलाशपुर निवासी किसान रमेश कुमार राजवाड़े तथा बिरमपुर निवासी मुडुव सिंह से पूछे कि धान केन्द्रों में किसी भी तरह की कोई समस्या तो नहीं है? यहां कार्यरत कर्मचारियों द्वारा पैसे की मांग तो नहीं कर रहे हैं? किसानों ने कलेक्टर को बिना संकोच बताया कि किसी भी तरह की कोई पैसे की मांग नहीं की जाती है और न ही बेवजह परेशान करते हैं। बता दें 1 नवम्बर 2023 से धान खरीदी शुरू हुआ है, जो 31 जनवरी 2024 तक चलेगी। जिले में इस वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या 22 हजार 282 है, वहीं धान बोए गए रकबे 29 हजार 771 हेक्टेयर है। 22 धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। मोटा धान एवं पतला धान की खरीदी बड़ी संख्या में की जा रही है। समर्थन मूल्य पर मोटा धान 2 हजार 183 रूपए प्रति क्विंटल तथा पतला धान 2 हजार 203 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री लंगेह ने रजिस्टर में दर्ज किसानों व गांवों के नाम, धान की मात्रा, आदि की पड़ताल की साथ ही कम्प्यूटर ऑपरेटर से समुचित जानकारी के बारे में सवाल किए। उन्होंने ऑपरेटर को कहा किसी भी तरह से गलत जानकारी फीड न हो, इस बात की हिदायत भी दी। धान खरीदी केन्द्रों में नोडल अधिकारियों, प्रबंधकों को निर्देश दिए कि किसी भी तरह से किसानों को कोई समस्या नहीं हो। साथ ही खरीदी केंद्रों में बारदाना, साफ पेयजल, बिजली आदि की समुचित व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिए।

चिरमिरी नागपुर हाल्ट रेललाईन निर्माण के लिए विधायक ने सीएम को दिया पत्र

चिरमिरी। क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने विधानसभा सत्र के दौरान चिरमिरी नागपुर हाल्ट रेलवे लाईन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण एवं राज्यांश की राशि 120 करोड़ 50 लाख रुपए जारी करने पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने परियोजना को बारीकी से समझा, जल्द प्रारंभ हो सकता है भूमि अधिग्रहण और आगामी बजट में जारी हो सकती है राज्यांश की राशि।

क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने 3 दिवसीय विधानसभा सत्र में प्रथम दिवस शपथ के उपरांत दूसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने चिरमिरी मनेंद्रगढ़ सहित ग्रामीण क्षेत्र खड़गवां के लाखो लोगो की बहुप्रतीक्षित मांग चिरमिरी नागपुर हाल्ट रेल लाइन निर्माण को लेकर मांग पत्र सौंपा। ज्ञात हो की 2018 में रेलवे बोर्ड एवं तत्कालीन भाजपा सरकार के बीच 50-50 प्रतिशत व्यय राशि से 241 करोड़ की लागत से एमओयू के तहत स्वीकृत चिरमिरी नागपुर हाल्ट रेल लाईन निर्माण में आ रही दिक्कतों की संपूर्ण जानकारी मुख्यमंत्री श्री साय को प्रदान की। उन्होंने

बताया की इस स्वीकृत रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा आज तक नही हुआ है साथ ही राज्यांश की राशि 120 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट भी प्रदान नही होने से इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूर्ण होने में काफी विलंब हो चुका है। जिस हेतु उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा है की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करवाए और आगामी बजट में राज्यांश की राशि जारी करने का आग्रह किया है। श्री जायसवाल ने उन्हें बताया की चिरमिरी मनेंद्रगढ़ खड़गवां के लाखो लोगो को इस परियोजना के पूर्ण होने से अंबिकापुर से चलने वाली सभी पैसेंजर एक्सप्रेस गाड़ियों का लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही नागपुर पैसेंजर हाल्ट स्टेशन को भी पूर्ण स्टेशन का दर्जा भी प्राप्त हो जायेगा और वहा यात्री सुविधाओं में विस्तार हो सकेगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने ओएसडी पी दयानंद को बोलकर इस महत्वपूर्ण रेल लाइन में अभी तक के प्रोग्रेस रिपोर्ट की सारी जानकारी मांगी है। विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है चुनाव में मैंने अपने घोषणा पत्र में प्रमुखता के साथ कहा था की रेल लाईन का भूमिपूजन हमने किया था और उसका निर्माण भी हम ही पूरा कराएंगे। इसी क्रम में सबसे पहला मांग पत्र मैंने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपा। मुख्यमंत्री श्री साय ने काफी गंभीरता के साथ पूरे प्रोजेक्ट को समझा और इसमें उन्होंने अपनी रुचि भी दिखाई है और मुझे पूरी उम्मीद है की भू-अर्जन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी और आगामी बजट में राज्यांश की राशि भी जारी हो जायेगी।

लिंग आधारित हिंसा से निपटने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोरिया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत छिंदिया में नई चेतना जेण्डर 2.0 अन्तर्गत लिंग आधारित हिंसा से निपटने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, वार्ड पंच एवं ग्राम पंचायत की महिलायें, किषोरी बालिका तथा मिडिल स्कूल के छात्राओं को गुड-टच ,बैड-टच, घरेलू हिंसा ,सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाईन 181, चाईल्ड लाईन 1098, शक्ति सदन, पाक्सो यौन अपराध, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के संबंध में जानकारी दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संरक्षण अधिकारी श्री वित्तबाला श्रीवास्तव, सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री विमला भगत, परामर्षदाता निर्मला पाण्डेय, सखी सेंटर श्रीमती नीता पाण्डेय एवं शक्ति सदन श्रीमती कल्पना शर्मा के द्वारा उक्त विषय पर प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी गयी।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला कोरिया की टीम राज्य स्तरीय कब बुलबुल उत्सव हेतु राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी, रायपुर पहुंची

कोरिया बैकुंठपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य सचिव कैलाश सोनी के आदेशानुसार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी, अभनपुर, रायपुर में दिनांक 20.12.2023 से 23.12 .2023 तक राज्य स्तरीय कब - बुलबुल उत्सव का आयोजन किया गया है।

जिसमें डॉ. संजय सिंह जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया के आदेशानुसार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू के मार्गदर्शन में जिला कोरिया से 12 कब, 12 बुलबुल, 02 कब मास्टर, 01 फ्लॉक लीडर कुल 27 सदस्यीय टीम दिनांक 19.12.2023 को बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन से रवाना हुई और दिनांक 20.12.2023 को शिविर स्थल में सकुशल पहुंचे। सम्मिलित होने वाले सदस्यों में सहायक विकासखंड सचिव बैकुंठपुर शिव प्रताप सिंह, कब मास्टर रवि बैगा, फ्लॉक लीडर प्रमिला टोप्पो के साथ शासकीय प्राथमिक शाला तलवापारा से कब - सावन, अंश कुमार, शैलेंद्र कुमार, बुलबुल - संध्या साहू, अर्पिता, विशाखा, सोनाली, शासकीय प्राथमिक शाला सागरपुर से बुलबुल - स्वाति ठाकुर, कामिनी देवांगन, शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड नंबर 10 बाजारपारा से कब - शिव तिलक बैगा, विन्देश्वर सारथी, हिमांशु महतो, सेंट जेवियर प्राथमिक शाला रामपुर बैकुंठपुर से कब - एनायत, अरमान टोप्पो, कुश कुमार, गौरव भगत, अर्जुन सिंह, प्रिंस टोप्पो, बुलबुल - सृष्टि टोप्पो, रोशनी बेक, दुर्गा तैलासी, अल्फा, श्वेता यादव सम्मिलित हो रहे हैं। इस शिविर में कोरिया जिले से सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को विनय कुमार लंगेह कलेक्टर कोरिया पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला कोरिया, डॉ संजय सिंह जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जिला कोरिया, सुरेंद्र राजवाडे जिला सचिव, सविता सिंह संयुक्त जिला सचिव, रवि पांडे जिला संघ कोषाध्यक्ष, नागेश्वर साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट, विजय कुजूर जिला संगठन आयुक्त गाइड, सुनील बड़ा जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, निशा खान जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, श्याम कुमार आण्डिल विकासखंड सचिव सोनहत, रंजीत सिंह विकासखंड सचिव बैकुंठपुर, संस्था के प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं अन्य काउंटर गाइडर ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

सूचना का अधिकार के तहत अब ऑनलाइन आवेदन व जानकारी

कोरिया। विधानसभा निर्वाचन कार्य संपन्न होने के बाद आज कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले के सभी अधिकारियों की समय-सीमा की बैठक लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा व दिशा-निर्देश दिए।

अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचे- कलेक्टर श्री लंगेह ने सबसे पहले बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि कार्यालय समय पर पहुंचे और अपने अधीनस्थ कर्मियों को भी समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दें। समय पर नहीं आने पर कार्यवाही की जाएगी। श्री लंगेह ने कहा कि कार्यालय में आने के बाद कार्यालय से बाहर घूमने फिरने न जाए क्योंकि इससे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होते हैं।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री लंगेह ने राजस्व संबंधी प्रकरणों पर जानकारी लेते हुए जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार को नामांतरण, बटांकन एवं सीमांकन प्रकरण को समय सीमा के भीतर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने बैकुण्ठपुर तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरण पर नाराजगी जताया और संबंधित तहसीलदार को नियमित रूप से बैठकर सभी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। सूचना का अधिकार के तहत अब ऑनलाइन आवेदन व जानकारी - कलेक्टर श्री लंगेह ने सूचना का अधिकार के तहत जानकारी साझा करते हुए सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि 26 दिसम्बर तक जन सूचना अधिकारी एवं अपीलीय अधिकारी वेबपोर्टल में रजिस्ट्रेशन करा लें। बता दें विगत 22 अक्टूबर 2022 को इस बाबत अधिसूचना भी जारी की गई थी। सूचना का अधिकार के तहत अब ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे साथ ही संबंधित को ऑनलाइन जानकारी भी दी जाएगी।

श्री लंगेह ने कहा कि सभी जन सूचना अधिकारी शासकीय कार्य व कागजात व्यवस्थित रखें साथ ही सूचना का अधिकार के तहत समय-सीमा के भीतर जानकारी दी जाए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में सभी विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। बता दें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल शुभारम्भ किया था, इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए थे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में 'मोदी की गारंटी' वाले वाहनों के माध्यम से महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण भी मौके पर किया जा रहा है।

कलेक्टर ने दिलाया ऊर्जा संरक्षण संकल्प

कोरिया। ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर कलेक्टर सभागार में अधिकारियों, कर्मचारियों को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ऊर्जा संरक्षण संकल्प दिलाया गया है। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने संकल्प लेते हुए कहा कि 'हम ऊर्जा का अपव्यय रोकेंगे एवं अन्य लोगों को भी ऊर्जा अपव्यय रोकने हेतु जागरूक करेंगे। हम ऊर्जा संरक्षण हेतु ऊर्जा दक्ष विद्युत उपकरणों के उपभोग हेतु जागरूक करेंगे। हम सौर संयंत्रों का उपयोग करेंगे तथा अन्य लोगों को भी उपयोग हेतु जागरूक करेंगे। हम जल का अपव्यय रोकेंगे तथा लोगों को इस हेतु जागरूक करेंगे। हम पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ों को कटने से रोकेंगे तथा वृक्षारोपण करेंगे। आदर्श नागरिक होने के नाते हम ऊर्जा पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक करेंगे ताकि आगे आने वाली पीढ़ी के लिये एक बेहतर वातावरण सुनिश्चित हो सके। एक नये व स्वच्छ भारत का निर्माण कर सकें। बता दें ऊर्जा संरक्षण जलवायु परिवर्तन को कम करने में एक महत्वपूर्ण कारक है।

392 बन्दियों से जेल निरीक्षण समिति हुई रूबरू

बंदियों के बच्चों का सही देखरेख व संरक्षण हो

कोरिया। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में गठित जेल निरीक्षण समिति द्वारा 392 बन्दियों से रूबरू हुए। बता दें बैकुण्ठपुर जेल एवं मनेन्द्रगढ़ उप जेल का समिति ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बंदियों से उम्र के संबंध में पूछताछ की गई। जिला जेल बैकुण्ठपुर में 172 बंदियों से उम्र के संबंध में पूछताछ की गई तथा उप जेल मनेन्द्रगढ़ में 220 बंदियों से पूछताछ किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण दल द्वारा प्रत्येक तीन माह में जेलो का निरीक्षण इस उद्देश्य से किया जाता है कि जेल में ऐसे बंदी तो नहीं है, जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम की हो जो कि त्रुटिपूर्ण तरीके से जेलों में निरूद्ध हो गए हों ।साथ ही बंदियों के बच्चों का सही देखरेख व संरक्षण हो सके। निरीक्षण दल में श्रीमती माधुरी गुप्ता माननीय सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, अमित श्रीवास्तव सामाजिक कार्यकर्ता बैकुण्ठपुर, श्री पंकज कुमार वर्मा विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग शामिल थे।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाएगा

कोरिया। 25 दिसम्बर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है। इस दिन पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसी कड़ी में कोरिया जिले व ग्राम पंचायतों में भी सुशासन दिवस मनाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 के पूर्व ग्राम पंचायतों में पहले से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई आवश्यक मरम्मत आदि कराने के निर्देश दिए गए हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि और आम नागरिक ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे। इसी क्रम में ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से आगामी एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की उपस्थिति में प्रात: 10 बजे अटल चौक से प्रारंभ किया जाएगा।

स्वच्छता एक दिन का नहीं बल्कि निरन्तर करने वाला अभियान:कलेक्टर

कोरिया। मोदी की गारंटी और विकसित भारत संकल्प यात्रा कोरिया जिले के गांवों की गलियों में इसका असर देखने को मिल रहा है। जैसे कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व छत्तीसगढ़ नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुसार कोरिया जिले में भी कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए लगातार मुहिम छेड़े हुए हैं। इसी कड़ी में बैकुण्ठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जूनापारा, उमझर, रामपुर ज जगतपुर एवं सोनहत विकासखंड के ग्राम पंचायत केशगवा, चकडांड में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनभागीदारी के तहत श्रमदान, स्वच्छता शपथ, हाथ धुलाई किया गया साथ ही सफाई के महत्व को बताया गया। कलेक्टर श्री लंगेह का कहना है कि स्वयं को स्वच्छ रखने के लिए जिस तरह साफ-सफाई रखते हैं, उसी तरह घर, कार्यालय, परिसर को साफ रखने की जवाबदेही भी हम सबकी है। यह एक दिन का कार्य नहीं है बल्कि नियमित रूप से करने वाला कार्य है। ऐसे में जिले को कचरा मुक्त बनाने के लिए सबको सहयोग करने की आवश्यकता है। स्वच्छता अभियान में सरपंच, पंच, सचिव, महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं, अगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक- शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चे एवं ग्रामवासियों ने इस अभियान में बड़ी संख्या भाग लिए।

चचिया पहुंचे 11 हाथी तोड़े तीन झोपड़ियों को

कोरबा। 11 हाथियों का दल एक बार फिर कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में पहुंच गया है। हाथियों ने बीती रात यहां पहुंचते ही उत्पात मचाया और खेतों में ग्रामीणों द्वारा बनाए गए तीन झोपड़ियों को तोड़ने के साथ ही वहां रखे धान को चट कर दिया।

हाथियो का उत्पात काफी देर चला और नुकसान पहुंचाने के बाद जंगल चले गए वन विभाग को जानकारी दिए जाने पर संबंधित अमला मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। खबरों में बताया गया कि हाथियों का यहां दल धरमजयगढ़ क्षेत्र से पहुंचा है। कल दिनभर पसरखेत रेंज के गांव में मडराने व उत्पात मचाने के बाद रात होने पर आगे बढ़ा तथा कुदमुरा रेंज अंतर्गत चचिया गांव पहुंच गए। हाथियों ने चचिया पहुंचने से पहले रास्ते में लगभग 11 ग्रामीणों की फसल को तहस-नहस कर दिया। उधर कटघोरा वन मंडल में भी हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। यहां के पसान व केंदई रेंज में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे है और ग्रामीणों की अरहर फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। बीती रात देवमट्टी क्षेत्र में मौजूद 32 हाथियों के दल ने पसान रेंज अंतर्गत गाड़ागोड़ा पहुंचकर आधा दर्जन ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया।

वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक हाथियो का दल रात 9 बजें के लगभग गांव पहुंचा और ग्रामीणों के खेतो में लगे अरहर को रौंदने के साथ तहस-नहस कर दिया। 2 घंटे तक यहां उत्पात मचाने के बाद दल 11 बजे के लगभग वापस लौटा और देवमट्टी के जंगल में जाकर उेरा जमा दिया हाथियो के लगातार उत्पात से क्षेत्रवासी परेशान है।

सरकारी आश्रम की छात्राओं से छेड़छाड़ और मारपीट पर जांच, प्रधान पाठक निलंबित

पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के घरीपखना से जुड़ा मामला

कोरबा। विद्यालयों के शिक्षकों से सरकार को कई प्रकार की अपेक्षाएं हैं। इस लिहाज से अलग-अलग स्तर पर सहूलियत और सुविधाएं दी जा रही है। खासतौर पर दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण तैयार करने की कोशिशें की जा रही है। इन सबके बीच कोरबा जिले के घरीपखना विद्यालय के प्रधान पाठक ने छात्राओं से कुछ ऐसी हरकत की जिसके कारण मामले को संज्ञान में लिया गया। जांच रिपोर्ट के साथ उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उसे मोरगा के सरकारी विद्यालय में संलग्न किया गया है।

आदिवासी बाहुल्य पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले घरीपखना से यह प्रकरण संबंधित है जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी गोवर्धन भारद्वाज ने आदेश जारी कर प्रधान पाठक संदीप अग्रवाल को निलंबित कर दिया। आदेश क्रमांक 5336/शिकायत/निलंबन 2023-24 जारी करते हुए कहा गया है कि निलंबन अवधि में अग्रवाल को नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ता की पात्रता होगी। आदेश में इस बात का जिक्र किया है कि कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास कोरबा के पत्र क्रमांक छात्रावास/2023-

24/5376/कोरबा 20.12.2023 के तहत दिए गए जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्राथमिक आश्रम शाला घरीपखना विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा में पदस्थ संदीप कुमार अग्रवाल को निलंबित कर दिया गया। उसके विरूद्ध प्राथमिक आश्रम शाला घरीपखना की छात्राओं के साथ ही मारपीट करने के साथ ही शारीरिक और मानसिक शोषण करने की शिकायत मिली थी। प्रशासन ने इस पर संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच इस मामले में तथ्यों को लेकर जांच की। अधिकारियों द्वारा दिए गए जांच प्रतिवेदन में शिकायत से संबंधित तथ्य सही पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश में कहा है कि प्रधान पाठक का उक्त कृत्य अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता और अनुशासनहीनता प्रदर्शित करता है जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरित है। इसलिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1966 के नियम 9 (2क) के तहत प्रधान पाठक अग्रवाल को निलंबित किया जाता है। आज सुबह आदेश की कापी पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर, कलेक्टर, सहायक आयुक्त, संयुक्त संचालक और मोरगा हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य को भेज दी

छात्राओं ने आपबीती बताई थी अधीक्षिका को

पिछले शुक्रवार को यह मामला पेश आया। घटना को लेकर आश्रम की छात्राओं जो यहां के ही विद्यालय में पढ़ती हैं। उन्होंने प्रधान पाठक के द्वारा की गई हरकत के बारे में अधीक्षिका को जानकारी दी। यह मामला एक नहीं बल्कि अन्य छात्राओं से जुड़ हुआ था। शिकायत गंभीर थी इसलिए अधीक्षिका ने न केवल नाराजगी जताई बल्कि फौरन उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के साथ इस तरह के व्यवहार अनापेक्षित हैं और उनकी सुरक्षा के लिए हमें गंभीरता दिखानी होगी। आखिरकार इस पर कार्रवाई हुई।

बचाव में कई तर्क देते रहा प्रधान पाठक

मामले की जानकारी होने पर कुछ मीडिया कर्मियों ने प्रधान पाठक अग्रवाल से संपर्क कर इस बारे में बातचीत की। जिस पर उसने छेड़छाड़ और मारपीट के आरोप को न केवल अनसुना किया बल्कि वह मामले को नाटकीय मोड़ देने की कोशिश करता रहा। उसका कहना था कि उसकी मौजूदा पदस्थापना में आने के लिए अधीक्षिका प्रयास कर रही है। प्रधान पाठक ने अपनी ऊंची पहुंच का भी हवाला दिया।

अज्ञात वाहन के रौंदने से ग्रामीण की मौत

कोरबा। तिलकेजा मेन रोड में कल देर शाम अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक ग्रामीण को रौंद दिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इस दौरान उसकी बीच रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तिलकेजा निवासी दाटूराम खड़िया उम्र 45 पिता स्व. बिहानू खड़िया को कल देर शाम घर आते वक्त तिलकेजा मेन रोड में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मारकर रौंद दिया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां उसे देखते ही चिकित्सक ने मृत

पूजा अर्चना के साथ दिए गए अक्षत कलश

कोरबा। राम मंदिर दर्शन के लिए गृह संपर्क अभियान जल्द ही शुरू होना है। इससे पहले अयोध्या में पूजित अक्षत कलश यहां पहुंचे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत इन्हें विभिन्न स्थानों पर भेजा जा रहा है। शारदा विहार क्षेत्र के लिए मिथलेश पांडेय ने कलश प्राप्त किया।

मिचोंग ने पहुंचायी क्षति, फिर चढ़ी सब्जियों की कीमत

कोरबा। 10 दिन पहले दक्षिण भारत में सक्रिय मिचोंग चक्रवात के असर से यहां भी कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हुई। इसका असर अब दिख रहा है। बागवानी फसलों को विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे नुकसान के कारण इस सीजन में सब्जियों की कीमत फिर ऊपर चढ़ रही है।

40 रुपए के स्तर से नीचे पहुंच चुकी कीमतें एक बार फिर दोगुने के आसपास जा रही है। टमाटर को छोड़ दिया जाए तो अन्य सब्जियों के भाव लगभग दोगुने स्तर पर हैं। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश, झारखंड और कर्नाटक से स्थानीय मांग की पूर्ति होती है। संबंधित क्षेत्रों में सब्जियों की पैदावार को मिचोंग ने जमकर नुकसान पहुंचाया है। ऐसे में आवक सीधे तौर पर बाधित हुई है। इस स्थिति में भंडारित सब्जियां बाहर आई हैं और वह भी बढ़ी हुई कीमत पर। यह बात अलग है कि कोरबा जिले और नजदीकी रायगढ़ व जशपुर में भी सब्जियों की पैदावार की जाती है लेकिन लाखों की आबादी की पूर्ति हो सके, यह संभव नहीं। बाजार के जानकार बताते हैं कि स्थिति को संभलने में समय लग सकता है और इसके बाद ही राहत की उम्मीद की जा सकेगी।

घर में जा घुसा ट्रेलर किसी तरह बचा चालक

कोरबा। नशे की हालत में एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 0822 के चालक ने 2 नंबर बांकी में एक घर में वाहन घुसा दिया। इस घटना में घर में मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। वहीं ट्रेलर चालक ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। दुर्घटना को लेकर क्षेत्र के लोग आक्रोशित

गीता जयंती पर गेवरा बस्ती में होगा कार्यक्रम

कोरबा। श्री योग वेदान्त सेवा समिति कोरबा के तत्वाधान में 22 दिसंबर-शुक्रवार को हनुमान मंदिर चौक, गेवरा बस्ती, कोरबा में गीता जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया हैं, जो प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर अपरान्ह 3 बजे तक चलेगा, जिसमें गीता पाठ, गीता महात्म, गीता का उपदेश, जप ध्यान, पाठ, हवन होगा। तत्पश्चात् 3 बजे आरती, पूर्णाहूति एवं प्रसाद वितरण किया जायगा। समिति के अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद साहू ने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से अनुरोध किया है कि इस मोक्षदा एकादशी के दिन गीता जयंती के कार्य कम में भाव भरा आमंत्रण है। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता का निःशुल्क वितरण किया जावेगा तथा आश्रम के सत्साहित्य व सामग्री की स्टाल भी लगाई जावेगी।

कोरबा। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के डेबल कैलेंडर का महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर तेज सिंह मोटर ड्राइविंग के डायरेक्टर बी.एन.सिंह, चंदेला होटल के संचालक पी.एस. चंदेल, वरिष्ठ पत्रकार तपन चक्रवर्ती उपस्थित थे।

समाज प्रमुखों का सम्मान करेगा

कोरबा। धर्मसेना ने तय किया है कि वह जल्द ही कार्यक्रम आयोजित करने के साथ समाज प्रमुखों का सम्मान करेगी जो विभिन्न क्षेत्रों में अपने सामाजिक सरोकार दिखा रहे हैं और दिशा देने में लगे हैं। आज तिलक भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सुरेंद्र बहादुर सिंह, साकेत शर्मा, विष्णु पटेल, आशीष महराज और नवीन गोयल ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिनके भीतर समाज को कुछ अच्छा देने की सोच है, निश्चित रूप से ऐसे लोग हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। संगठन चाहता है कि सकारात्मक भावना रखने वालों का मूल्यांकन होना चाहिए।

संत गाडगे को याद किया गया

कोरबा। बरेठ समाज के द्वारा संत गाडगे को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का निर्णय लिया गया। बालको में आयोजित बैठक में अध्यक्ष गिरधारी बरेठ ने कहा कि संत गाडगे समाज सुधारक थे। उन्होने लोगों में चेतना लाने के लिए काफी संघर्ष किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रयास समाज के लोग करते रहे हैं। इस बैठक को टीआर बरेठ, बालमुकुंद, मदन मोहन ने भी संबोधित किया।

दीपका में क्लीन टॉयलेट कैंपेन का आयोजन

कोरबा। नगर पालिका परिषद दीपका में 17 नवंबर से 25 दिसंबर तक क्लीन टॉयलेट कैंपेन कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 19 दिसंबर को निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित सभी सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालय में महिला स्व सहायता समूहों को भ्रमण कराया गया। उनके द्वारा ग्रेडिंग किया गया तथा आसपास वार्ड के महिलाओं को आमंत्रित कर शौचालय की स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गई।

एसईसीएल अधिकारियों के साथ ग्रामीणों ने किया बलवा, दर्ज किया

जांच में जुटी पुलिस

कोरबा। कोयलांचल के कुसमुंडा थानांतर्गत ग्राम जटराज में कल दोपहर को सर्वे करने गए एसईसीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ आक्रोशित ग्रामीणों ने मारपीट करते हुए बलवा की वारदात को अंजाम देने के साथ ही उनके शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया।

मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना के अधिकारी उज्जवल बनर्जी निवासी आदर्श नगर कुसमुंडा के नेतृत्व में आधा दर्जन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम कल दोपहर 12 बजे के लगभग एसईसीएल के खदान के सर्वे में ग्राम जटराज थाना कुसमुंडा में गई थी। एसईसीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को देखते ही वहां के खदान प्रभावित ग्रामीण एकाएक आक्रोशित हो गए। पहले से ही भूविस्थापितों का मामला ठीक से हल नहीं होने तथा खदान में नौकरी प्रभावितों को नहीं मिलने की बात कहते हुए काफी उग्र हो गए।

बताया जाता है कि एसईसीएल के अधिकारी श्री बनर्जी ग्रामीणों को समझाईश दे रहे थे कि एकाएक ग्रामीण काफी उग्र हो गए और उनके उपर हमला बोलते हुए मारपीट एवं बलवा की वारदात को अंजाम देने के साथ ही शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए सर्वे काम को रोक दिया। किसी तरह से वहां से आक्रोशित ग्रामीणों से अपनी जान बचाकर भागे अधिकारी कुसमुंडा थाना पहुंचे। यहां कुसमुंडा पुलिस ने एसईसीएल के अधिकारी उजवलव बनर्जी उम्र 54 पिता ए.के.बनर्जी व अन्य की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 258/23 धारा 342, 147, 148, 323, 506, 286, 353 मारपीट, बलवा एवं शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का जुर्म दर्ज कर लिया है। मामले में कुसमुंडा पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि अभी इस मामले में किसी बलवाई की गिरफ्तारी नहीं हो

अटल के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाएंगे

कोरबा। भाजपाईयों के द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। मंडलों में काव्य गोष्ठी के अलावा साफ-सफाई का अभियान भी चलेगा।

कटघोरा मंडल के महामंत्री राजेंद्र टंडन ने बताया कि सुशासन दिवस मनाने के लिए बूथों में तैयारियां चल रही है। गोष्ठी, काव्य गोष्ठी के अलावा अनेकों कार्यक्रम होंगे। दीपका नगर मंडल में भी अध्यक्ष सूर्यप्रकाश शर्मा, नरेश टंडन, राजू प्रजापति ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। बूथ कार्यकर्ताओं को सूचना दे दी गई है। इसी तरह हरदीबाजार नगर मंडल के अध्यक्ष हरिश थरवानी ने बताया कि उसके मंडल में भी अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया जाएगा। बूथों में चुलेश्वर राठौर, अरूणीश तिवारी, ज्योति पांडेय सहित कई कार्यकर्ता तैयारी में लगे हुए हैं। बांकीमोंगरा नगर मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जगत, मनीष मिश्रा, मुकुल कर्ष, लखन राठौर, कुदमुरा मंडल में लक्ष्मी श्रीवास, सुमित वर्मा, धनंजय चौहान, रामायण राठिया, उरगा में फूलसिंह कंवर, कमलेश अनंत, प्रकाश यादव ने तैयारी शुरू कर दी है। कोसाबाड़ी नगर मंडल में अजय विश्वकर्मा, सुमन सोनी, रमा मिरी ने कार्यकर्ताओं की सूचना दे दी है।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कल

कोरबा। कल कांग्रेस प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रायपुर में आयोजित की गई है। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए हार के कारणों की भी समीक्षा होगी। प्रदेश के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। कोरबा जिला से जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, विकास सिंह, विकास शुक्ला, रजनीश तिवारी, उषा तिवारी सहित अन्य सदस्य शामिल होंगे।

श्रीं
फार्म हाऊस बेचना है
कोरबा शहर से लगभग 20 किमी. रजगामार में
-: संपर्क करें :-
62681-46606
नोटः कृपया ब्रोकर फोन न करें

तकनीकी क्षेत्र में काम करने के लिए 26 युवाओं ने लिया

सरकारी योजना से लगातार मिल रहा लाभ

कोरबा। कम्प्यूटर हार्डवेयर व नेटवर्किंग में कुल 26 ग्रामीण युवक व युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया। ये कोरबा जिले के पांचो विकासखण्डों के ग्रामीण अंचल तथा बीपीएल कार्डधारी परिवार के हैं। भारत सरकार अपनी ग्रामीण स्वरोजगार योजना से ऐसे युवाओं को लाभान्वित कर रहा है। एसबीओआई के जरिए योजना पर प्रशिक्षण का काम जारी है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन उपरान्त में प्रशिक्षणार्थियों का मूल्याकन किया गया जिसका मूल्यांकन असेस्मेन्ट टीम नेसर बैंगलोर एंव राज्य नियंत्रक आर सेटी रायपुर अरुण सोनी के मार्गदर्शन डोमेन असेसर मिथलेष कुर्रे एंव अजय भेडपाल के निगरानी में मूल्यांकन कार्य सम्पन्न किया गया। संस्था के डायरेक्टर गणेश उराव, फेकल्टी गीतम जांगड़े संकाय सदस्य सुरंजना विश्वाल तथा

कार्यालय सहायक प्रहलाद कुमार भारिया व आयुष उपस्थित रहे। कम्प्यूटर हार्डवेयर व नेटवर्किंग प्रशिक्षण को 45 दिन कोरबा के प्रशिक्षक धनबहादुर सुब्बा के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण अंतर्गत कम्प्यूटर हार्डवेयर व नेटवर्किंग में सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर के विभिन्न भाग का जानकारी, पीसी को असेम्बल करना, अकाउंटिंग टैली एवं माइक्रो सॉफ्ट ऑफिस एक्सेल, पावर प्वाइंट प्रेसेन्टेशन, हिन्दी अंग्रेजी टाइपिंग तथा ऑनलाइन फार्म भरने की पूर्ण जानकारी दी गयी एवं अभ्यास करवाया गया। व्यक्तित्व विकास एवं उद्यमिता संबंधि कई प्रकार की जानकारियां दी गई । प्रशिक्षण के अंत में फिल्ड विजिट कोरवा पुराना बस स्टैण्ड के साई कम्प्यूटर सेल्स व सर्विस निहारिका स्थित ओम साई कम्प्यूटर सेल्स व सर्विस में कराया गया जहां दुकान संचालक पियुष अग्रवाल व विश्वजीत द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को कम्प्यूटर रिपेयरिंग एंव सेल्स संबंधित जानकारी प्रदान किया गया जो प्रशिक्षणार्थियों के लिए भविष्य में बहुत ही उपयोगी साबित होगा।

आरसेटी संचालक गणेश उराव द्वारा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण का लाभ उठा कर इसे अपने व्यवसाय को बढ़ाने में प्रयोग करने को कहा गया। इस प्रशिक्षण को अभ्यास में हमेशा रखने हेतु कहा गया। अपने परिवार के सदस्य को भी इस दिशा में जोड़ने को कहा। भविष्य में बैंक कि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। गणेश उंराव ने प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कार्यक्रम का समापन किया।

मैराथन दरबार में एसपी ने 35 लोगों के मामले निपटाए

कोरबा। एसपी जितेंद्र शुक्ला ने कल सुबह से शाम 6 बजे तक सिटी कोतवाली परिसर में मैराथन दरबार लगाकर कोतवाली क्षेत्र के लोगों के 35 मामलों का रजामंदी से निपटान कराया। इसके अलावा कुछ अन्य लंबित पड़े मामलों में कोतवाली पुलिस को हिदायत दिया कि इनका भी शीघ्रातिशीघ्र निराकरण कर ऐसे मामलों को चालान पेश किया जाए। चलते-चलते उन्होंने मातहतों को यह भी निर्देश दिया कि अगले मुआयना के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अलावा जो लोग अच्छे कार्य कर मामलों के निपटारे में उल्लेखनीय भूमिका निभाएंगे उन्हें विभागीय पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र दिया जाएगा।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com